चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 278, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 08 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पटाखों पर प्रतिबंध हर राज्य के लिए: सुप्रीम कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से पराली जलाने पर रोक लगाने का निर्देश दिया है तो वहीं, उन्हें फटकार भी लगाई



**नई दिल्ली**

**बेरियम** युक्त पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का उसका आदेश हर राज्य पर लागू होता है। यह केवल दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है।

शीर्ष अदालत पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली एक लंबित याचिका में दायर हस्तक्षेप आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। इस आवेदन में राजस्थान सरकार को वायु और ध्वनि प्रदूषण की जांच के लिए कदम उठाने और दिवाली और शादियों के दौरान उदयपुर शहर में पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने राजस्थान सरकार से दिवाली के दौरान पटाखे फोड़ने पर अपने पहले के निर्देशों का पालन करने को कहा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि पटाखों के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है। विडंबना यह है कि आजकल बच्चे ज्यादा पटाखे नहीं फोड़ते हैं, लेकिन बुजुर्ग ऐसा करते हैं। यह गलत धारणा है कि जब प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण की बात आती है तो यह केवल अदालत का कर्तव्य है। इसके लिए लोगों को आगे आना होगा। वायु और ध्वनि प्रदूषण का प्रबंधन करना हर किसी का काम है। अदालत ने आवेदन को लंबित रखते हुए कहा कि आवेदन में कोई विशेष आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अदालत ने वायु और ध्वनि प्रदूषकों की जांच के लिए कई आदेश पारित किए हैं। ये आदेश राजस्थान सहित हर राज्य पर लागू होते हैं। सरकार को न केवल त्योहारी सीजन बल्कि उसके बाद भी इस पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान हस्तक्षेपकर्ता के वकील ने कहा कि वे केवल राज्य सरकार को यह निर्देश देने की मांग कर रहे हैं कि इस अदालत द्वारा पटाखे फोड़ने पर लगाया गया प्रतिबंध दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान पर भी लागू है।

## 'पवित्र किताब में नहीं लिखा कि भगवान को खुश करने के लिए पटाखे फोड़ना जरूरी'

**कोच्चि**

केरल हाई कोर्ट ने धार्मिक स्थानों पर विषम समय में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंगलवार को केरल उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के निर्देशों के आधार पर इसकी अनुमति दी जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि जिला कलेक्टर स्थिति के आधार पर अनुमति दे सकते हैं। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने धार्मिक स्थलों पर छापेमारी करने और अवैध रूप से संग्रहीत पटाखों को जब्त करने का भी आदेश दिया है। हाई कोर्ट कोर्ट इस मामले में राज्य सरकार सहित विभिन्न हितधारकों द्वारा दायर अपील पर विचार कर रही थी।

## एनसीआर में सांस की तकलीफ वाले बच्चे हुए दोगुने, 90% नए मरीज




**नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** में वायु प्रदूषण बढ़ने का सबसे बुरा असर बच्चों, खासकर 15 साल से कम उम्र वालों में दिखाई दे रहा है। प्रदूषण से सिर्फ पुराने सांस और दिल की जुड़ी बीमारियों के मरीज ही नहीं बल्कि नए लोग भी बीमार हो रहे हैं।

श्वसन- फेफड़े और बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण से बच्चों में दिल, फेफड़े, सांस से जुड़ी बीमारियों के साथ उनके मानसिक विकास (मेंटल डेवलपमेंट) पर भी बेहद खराब प्रभाव पड़ रहा है। इतना ही नहीं दिल्ली- एनसीआर के तीन बड़े अस्पतालों के विशेषज्ञों के अनुसार हफ्तेभर के दौरान बच्चों में सांस व फेफड़े से संबंधित तकलीफ के केस बढ़ गए हैं। अस्पताल में रोजाना सामान्य दिनों की तुलना में इस बीमारी से जुड़े नए बच्चे दोगुना से ज्यादा हो गए हैं। जांच में पाया गया है कि रोजाना 30-35 सिगरेट पीने वाले स्मोकर की तरह इस प्रदूषण से बच्चों की सांस की नली सिकुड़ रही है। उनके फेफड़े प्रभावित होने से सांस लेने में तकलीफ हो रही है।

## निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने से प्रदूषण पर लगेगी लगाम



**नई दिल्ली**

एनसीआर में वायु प्रदूषण से त्रस्त लोगों को निर्माण गतिविधियों में रोक जैसे फौरी उपाय शायद ही राहत दिला सकें, क्योंकि इसके स्थायी समाधान के लिए वैकल्पिक तकनीक अपनाने के प्रयास सरकारी स्तर पर भी धीमे हैं और निजी स्तर पर भी।

**प्रदूषण की वजह आई सामने**

हाल के एक शोध के मुताबिक, निर्माण का क्षेत्र 23 प्रतिशत वायु प्रदूषण, 50 प्रति जलवायु परिवर्तन और 40 प्रतिशत पेयजल प्रदूषण की वजह है। इतना ही नहीं, 50 प्रतिशत कचरे का भी यही कारण है। विकास के कामों के लिए निर्माण गतिविधियां जरूरी हैं, लेकिन इसके लिए पर्यावरण हितैषी तकनीक अपनाने के प्रयास ढीले हैं।

**प्री कास्ट तकनीक के इस्तेमाल पर जोर**

सरकारी स्तर पर आवास योजनाओं और सड़क निर्माण के कामों में प्री कास्ट तकनीक यानी पहले से तैयार सामग्री के इस्तेमाल का सिलसिला बढ़ रहा है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह अभी भी पांच प्रतिशत के स्तर पर नहीं पहुंच सका है। हालांकि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से पर्वतीय इलाकों में इनका प्रयोग जरूर तेजी से बढ़ रहा है। शहरी कार्य मंत्रालय वैकल्पिक सामग्री और तकनीक के साथ लाइट हाउस प्रोजेक्टों के सहारे आवास निर्माण के लिए काम कर रहा है, लेकिन इनका दायरा सीमित है।

**लागत में 10 प्रतिशत की वृद्धि**

उदाहरण के लिए एक साइट पर बन रहे लगभग 30 हजार से अधिक पीएम आवासों में से लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बन रहे या बने आवास पांच हजार के करीब हैं।

## 'कॉलेजियम की तुलना में सरकार अधिक अपारदर्शी'

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज (सेवानिवृत्त) मदन बी. लोकुर ने कहा है कि सरकार कॉलेजियम की तुलना में अधिक अपारदर्शी है और उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति में कार्यपालिका की इस अपारदर्शिता को दूर करना होगा।

कलेजियम का हिस्सा रह चुके जस्टिस (सेवानिवृत्त) लोकुर ने ईमेल के जरिये दिए साक्षात्कार में संवैधानिक अदालतों में जजों द्वारा जजों की नियुक्ति की मौजूदा कोलेजियम व्यवस्था का समर्थन किया, साथ ही यह भी माना कि इसमें कुछ बदलाव आवश्यक हैं जिसके लिए विचार-विमर्श की जरूरत है। कॉलेजियम प्रणाली से जजों की नियुक्ति अक्सर सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच टकराव का मुद्दा बन जाती है। पूर्व न्यायाधीश उड़ीसा हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर जैसे हाई कोर्ट के योग्य जजों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत नहीं किए जाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 22 वर्ष पुरानी कॉलेजियम प्रणाली को खत्म करने के लिए लाए गए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम, 2014 को 16 अक्टूबर, 2015 को खारिज कर दिया था। जस्टिस (सेवानिवृत्त) लोकुर उस पांच सदस्यीय संविधान पीठ का हिस्सा थे।

## बिजली की बेतहाशा मांग से ग्रिड को बचाने की तैयारी

**नई दिल्ली**

जिस दिन केंद्रीय बिजली मंत्री ने देश में बिजली की बेतहाशा बढ़ती मांग से पैदा होने वाली चुनौतियों का जिक्र किया था उसी दिन केंद्रीय बिजली नियामक आयोग (सीइआरसी) ने आंतरिक तौर पर एक प्रपत्र जारी किया।

इसमें पीक आवर बिजली मांग के दौरान बिजली आपूर्ति में किसी तरह की बाधा उत्पन्न होने की स्थिति का किस तरह से सामना किया जाए, इसका एक रोडमैप सुझाया गया है। इसमें कहा गया है कि देश में अभी आपातकालीन हालात के लिए बिजली रिजर्व की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

एक अहम सुझाव यह है कि आपातकालीन स्थिति में गैस आधारित बिजली परियोजनाओं को शुरू करने की व्यवस्था होनी चाहिए।

## मिजोरम में 76 और छत्तीसगढ़ में 71 प्रतिशत मतदान



**मिजोरम /रायपुर**

मिजोरम की सभी 40 और छत्तीसगढ़ की प्रथम चरण की 20 सीटों पर आज छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बने 126 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर चुनावी उत्सव में भाग लिया। शाम 5:00 बजे तक मिजोरम में 75.80 और छत्तीसगढ़ में 70.87 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाता प्रतिशत अंतिम आंकड़ों में बढ़ सकता है।

चुनाव आयोग के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल सहित आयोग द्वारा अग्रिम योजना और व्यापक निगरानी ने मिजोरम और छत्तीसगढ़ में स्वतंत्र, निष्पक्ष और बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधान में सुबह 8:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान हुआ।

## खालिस्तान समर्थक पन्नू की एयर इंडिया को धमकी के बाद सरकार अलर्ट




**नई दिल्ली**

खालिस्तान समर्थक और प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा एयर इंडिया की फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की दी गई धमकी के बाद भारत सरकार सतर्क हो गई है। इसे लेकर भारत के ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने सोमवार को सख्त आदेश जारी किए हैं। इसमें कई तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं।

ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि एयर इंडिया के यात्रियों को 30 नवंबर तक दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट और पंजाब के सभी हवाई अड्डों पर दोहरी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। इससे यात्रियों का काफी समय बर्बाद होगा, लेकिन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने इस फैसले को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने कहा कि हवाई अड्डों, हवाई पट्टियों, हवाई क्षेत्रों, वायु सेना स्टेशनों, हेलीपैड, फ्लाइंग स्कूलों, विमानन प्रशिक्षण संस्थानों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही भारतीय एजेंसियां लगातार खतरे की जानकारी साझा कर रही हैं। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि (टेम्परेरी एयरपोर्ट एंट्री पास) पर फिलहाल पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। ये आदेश इस महीने की 30 तारीख तक लागू रहेंगे। हवाई अड्डों पर जाने के लिए टिकट की आवश्यकता होती है।

## भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है, समाज के लिए जीना ही हिंदुत्व: दत्तात्रेय होसबोले



**भुज**

**गुजरात** के कच्छ जिले के भुज में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आयोजित की गई। हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा, संगठन का मानना है कि भारत को हिंदू राष्ट्र या हिंदू राष्ट्र में बदलने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश हमेशा से एक रहा है।

**होसबोले बोले, भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है**

पत्रकारों से बातचीत के दौरान दत्तात्रेय होसबोले ने कहा, भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है और यह भविष्य में भी रहेगा। आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार को याद करते हुए कहा, उन्होंने एक बार कहा था कि जब तक देश में हिंदू हैं, यह देश हिंदू राष्ट्र है। एक राष्ट्र के रूप में भारत था, भारत है और भारत एक हिंदू राष्ट्र रहेगा।

**होसबोले ने कहा, समाज के लिए जीना ही हिंदुत्व है**

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर जवाब देते हुए होसबोले ने कहा, देश की एकता की परवाह करना और समाज के भले के लिए कुछ समय बिताना हिंदुत्व है। आरएसएस लोगों को यह एहसास दिलाने का काम करता है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है।

इसलिए, हिंदू राष्ट्र स्थापित करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि भारत पहले से ही एक है और आरएसएस का यही मानना है।

## हाईकोर्ट का राज्य सरकार को आदेश- शांतिपूर्ण इलाकों में बहाल करें इंटरनेट

**इंफाल**

**मणिपुर** उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह उन सभी जिला मुख्यालयों में ट्रायल के आधार पर मोबाइल टावर्स का संचालन करे जो जातीय संघर्ष से प्रभावित नहीं हुए हैं।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलु काबुई की खंडपीठ ने मणिपुर सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्य में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को आठ नवंबर तक बढ़ाए जाने के बाद यह फैसला सुनाया। एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा, मणिपुर राज्य को उन सभी जिला मुख्यालयों में ट्रायल के आधार पर मोबाइल टावर्स खोलने और संचालित करने का निर्देश दिया जाता है जो हिंसा से प्रभावित नहीं हुए हैं। छह नवंबर के आदेश में मणिपुर सरकार से यह भी कहा गया है कि अगर कानून व्यवस्था की स्थिति अनुकूल हो तो इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी सेवाओं का विस्तार किया जाए। अदालत ने राज्य को यह भी निर्देश दिया कि वह मोबाइल इंटरनेट डाटा सेवाओं के निलंबन या अंकुश के संबंध में जारी सभी आदेशों की प्रतियां अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करे। मामले के अनुपालन के लिए अगली सुनवाई नौ नवंबर को तय की गई है।

## सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो का प्रसार सामाजिक गिरावट का नतीजा : हाईकोर्ट

**प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि इंटरनेट (सोशल) मीडिया पर अश्लील वीडियो का प्रसार सामाजिक गिरावट का नतीजा है। ऐसे मामलों में पुलिस अधिकारियों को जांच करते समय उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। कोर्ट ने डी जी पी को पुलिस विवेचना की कमियां दूर करने के लिए फौरी कदम उठाने का निर्देश दिया है और एस पी जौनपुर को वायरल वीडियो की बरामदगी न करने के स्पष्टीकरण के साथ अगली सुनवाई की तिथि पर हाजिर होने का आदेश दिया है। अश्लील वीडियो सोसल मीडिया पर प्रसारित किया गया किंतु विवेचना अधिकारी ने उस वीडियो की बरामदगी नहीं की।

## पुरानी पेंशन पर थमेगी रेल, टैंक-हथियार बनाने वाली मशीन बंद, कर्मचारी छोड़ेंगे कलम




**नई दिल्ली**

**केंद्र** एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, 'पुरानी पेंशन' पर निर्णायक लड़ाई की तरफ बढ़ रहे हैं। अगर केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली नहीं की, तो ट्रेनें थम जाएंगी, टैंक/हथियार बनाने वाली मशीन बंद होंगी और सरकारी कर्मचारी कलम छोड़ देंगे।

केंद्र और राज्यों के कर्मचारी अब कुछ ऐसे ही कठोर कदमों पर चलने की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि ऐसे कठोर कदमों की सटीक जानकारी 21 नवंबर के बाद ही मिल सकेगी। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य और एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार ने बताया, सरकार इस मामले पर अड़ियल रवैया अख्तियार कर रही है। पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारी संगठन, राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सकते हैं। इसके लिए 20 और 21 नवंबर को देशभर में स्ट्राइक बैलेट होगा। कर्मचारियों की राय ली जाएगी। अगर दो-तिहाई बहुमत हड़ताल के पक्ष में होता है, तो केंद्र एवं राज्यों में सरकारी कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उस अवस्था में रेल थम जाएंगी, आयुद्ध कारखाने, जो अब निगमों में तब्दील हो चुके हैं, वहां पर काम बंद हो जाएगा। केंद्र एवं राज्यों के सरकारी कर्मचारी 'कलम' छोड़ देंगे।

दस अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लाखों कर्मचारी एकत्रित हुए थे। उसके बाद अक्तूबर और नवंबर में भी सरकारी कर्मियों की रैली हो चुकी है। इसके बाद दस दिसंबर को भी रामलीला मैदान में कर्मचारियों की रैली प्रस्तावित है। इस रैली में भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जा सकता है। इन सबके बावजूद अभी तक केंद्र सरकार ने ओपीएस लागू करने के लिए कोई आश्वासन नहीं दिया है। केंद्र की तरफ से जो खबरें आ रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि सरकार, ओपीएस लागू नहीं करेगी। एनपीएस में सुधार के लिए सरकार तैयार है। सी. श्रीकुमार के मुताबिक, सरकार इस मामले पर अड़ियल रवैया अख्तियार कर रही है। पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारी संगठन, राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सकते हैं। इसके लिए 20 और 21 नवंबर को देशभर में स्ट्राइक बैलेट होगा। कर्मचारियों की राय ली जाएगी। अगर बहुमत हड़ताल के पक्ष में होता है तो केंद्र एवं राज्यों में सरकारी कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उस अवस्था में रेल थम जाएंगी तो वहीं केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी 'कलम' छोड़ देंगे।

**अनिश्चितकालीन हड़ताल ही एक मात्र विकल्प**

सी. श्रीकुमार का कहना है, पुरानी पेंशन बहाली के लिए केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी एक साथ आ गए हैं। लगभग देश के सभी कर्मचारी संगठन इस मुद्दे पर एकमत हैं। केंद्र और राज्यों के विभिन्न निगमों और स्वायत्तता प्राप्त संगठनों ने भी ओपीएस की लड़ाई में शामिल होने की बात कही है। बैंक एवं इंश्योरेंस सेक्टर के कर्मियों से भी बातचीत चल रही है।

## अंतिम दर्शन के लिए पोस्ट मार्टम हाउस पहुंचे शिक्षा मित्र, दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चकनीरतुल में कार्यरत शिक्षा मित्र का 6 नवंबर को दो बजे म्योहल चौराहे के पास रोडवेज बस से भयानक दुर्घटना हो गई थी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।अपने पीछे श्री यादव एक बेटी और एक बेटा छोड़ गए। जैसे ही जनपद के शिक्षा मित्रो को पता चला लोग आनन फानन में पोस्ट मार्टम हाउस की तरफ भागे।सैकड़ों की संख्या में लोग देर रात मरचरी के पास रहे। ज्ञातव्य हो की संतोष यादव आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर संघ के पदाधिकारी थे,उनकी सरलता और मृदुल स्वभाव उनकी पहचान रही। सुबह से ही भारी संख्या में शिक्षा मित्र का मर्चरी पहुंचना शुरू रहा।जिनमे महिला शिक्षा मित्र बड़ी संख्या में मौजूद रही।आदर्श शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी, मांडलिक मंत्री शारदा सुक्ला, नगर अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर, महामंत्री विनय पांडे,जिला उपाध्यक्ष अभिनव त्रिपाठी मनीष पांडे, राजकुमार मिस्त्र, समीम अख्तर,सुभाष चंद यादव टीटू जास्यसवाल, बालगोविंद आदि पूरे समय तक अपने साथियों के साथ मौजूद दिखे। संगठन जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा,की श्री यादव का निधन से हम सभी हतप्रभ है। शारदा शुक्ल ने कहा की हमने एक अच्छा साथी आज खो दिया। संघर्ष की पंक्ति में सबसे आगे खड़े होने वाला साथी आज नही है, यकीन ही नहीं हो रहा।मोहम्मद अख्तर ने दुख व्यक्त करते हुए कहा,की संतोष जी के बच्चो की आर्थिक मदद जी भी संभव होगा, संगठन करेगा। हम परिवार को अकेले और अशहाय नही होने देंगे।खंड शिक्षा अधिकारी नगर, डॉक्टर प्रज्ञा सिंह मर्चरी जाकर उपस्थिति शिक्षा मित्रो को ढाढस बंधाते हुए,अपनी गहरी संवेदना व्यक्त किया।उन्होंने कहा की विभागीय स्तर से तो हम कुछ कर नही पायेंगे । क्यों की शिक्षा मित्रों के लिए शासन से कोई ऐसा नियम नही है। किंतु व्यक्तिगत रूप से संतोष जी के बच्चो की शिक्षा दीक्षा के साथ और जो भी बन पड़ेगा सहयोग करूंगी।

### कस्बा के नाटी इमली स्थित ठेले पर कचालू बेचने वाला युवक कर रहा है पटाखों की सप्लाई

**हो सकता है कोई बडा हादसा पूर्व में हो चुकी है कई मौतें**

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने थाने के निकट एक गोदाम में दबिश डालकर तेरह बोरी अवैध पटाखों के साथ चार को पकड कर जेल भेज दिया।।कस्बा के नाटी इमली स्थित ठेले पर एक कचालू बेचने वाला युवक करता है गैर कानूनी ढंग से भारी मात्रा में पटाखों की सप्लाई। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास मऊआइमा थाना के निकट दो गोदामों से अवैध पटाखों का निर्माण कर भंडारण किए जाने की सुराग पर पुलिस ने दबिश डाल कर बडी मात्रा में पटाखों के साथ चार को दबोचकर जेल भेज दिया।।बताया गया है मऊआइमा कस्बा में 12अक्टूबर 2012को हुए पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद नाजायज बारूदों का कारोबार बंद हो गया था। दीपावली निकट आता देख अवैध रूप से पटाखों का निर्माण कर गुप चुप ढंग से बेचा जा रहा है। बताते हैं कि नाटी इमली पर एक कचालू का ठेला लगाने वाले युवक के द्वारा पटाखों की सप्लाई गुप चुप ढंग से दी जा रही है। उक्त युवक द्वारा पूर्व में पैसा वसूलने के बाद दूर खडा करा कर देने का नाजायज कारोबार जारी है। इस बाबत मऊआइमा पुलिस का कहना है कि पता किया जा रहा है।



## महिला सशक्तिकरण के तहत छात्रों को पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** महिला सशक्तिकरण के तहत मऊआइमा महिला पुलिस कर्मियों और इंस्पेक्टर ने विद्यालयों में जाकर छात्राओं को जागरूक किया। मऊआइमा में मंगलवार को मऊआइमा पुलिस कर्मियों और इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा ने विद्यालयों में जाकर छात्राओं को जागरुक करते बताए कि यदि किसी भी छात्रा को कोई भी शोहदा छेड़खानी करता है अथवा मोबाइल पर अश्लील बातें करे तो वह छात्रा थाने आकर शिकायत कर सकती है उसका नाम गोपनीय होगा। छात्राओं को बताया गया है कि यदि मोबाइल पर कोई शोहदा छेड़खानी अन्य अश्लील बातें करे तो उस नम्बर को लाक न करके सीधे थाने में शिकायत करें जहां छात्राओं का नाम गुप्त रखा जाएगा और शोहदे के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिला सशक्तिकरण के तहत क्षेत्र के विद्यालयो में जाकर छात्राओं को जागरूक किया गया।

## मांडवी देवी धाम में बना सार्वजनिक शौचालय में लटकता रहता है ताला !




अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खंड मांडा में स्थित मां मांडवी देवी धाम के परिसर में ग्राम पंचायत मांडा द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। लेकिन शौचालय निर्माण कार्य के बाद से हमेशा ताला बंद रहता है। वही देख रेख के अभाव में भारी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। उक्त शौचालय में विगत वर्षों से ताला बंद होने के कारण धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मां मांडवी धाम में प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। और तो और मां मांडवी देवी धाम परिसर में हर साल साप्ताहिक सोमवार को मेला भी लगता है। जिसके चलते दर्शनार्थियों की भीड़ होती है। वहीं भीड़ को देखते हुए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया गया था। लेकिन सार्वजनिक शौचालय में आए दिन ताला लटकता रहता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि शौचालय में ताला बंद होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानिया झेलनी पड़ती हैं। पुरुष की अपेक्षा सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है। श्रद्धालुओं के साथ ग्रामीणों ने अविलम्ब सार्वजनिक शौचालय का ताला खोलने तथा को चालू कराने मांग की मांग की है।

## खेत में खड़ी फसल को जोतकर दबंग ने किया नष्ट

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कडा धाम थाना क्षेत्र के ताज मल्लाह गांव निवासी धीरेंद्र कुमार पुत्र राजाराम ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी भूमिधरी जमीन में उसने पत्थरगड़ी करवाई है। और अपने खेत में सरसों की फसल लगाई है लेकिन उसके खेत में बोई गई फसल को दबंगों ने ट्रैक्टर के सहारे फिर से जोतवा दिया है जिससे सरसों की फसल नष्ट हो गई है पीड़ित का आरोप है कि गांव का दबंग उसकी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से बोई सरसो की खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जोताई कर दी जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई है जिसका विरोध करने पर दबंग जान से मारने की धमकी दे रहा है पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## छात्रों के पठन-पाठन में मददगार होंगे स्मार्टफोन : राजमणि कोल

### विंध्यवासिनी प्रसाद विद्याकांत पंडित महाविद्यालय में विधायक ने छात्रों को बांटे फोन

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में स्मार्टफोन मददगार साबित होंगे। उन्हें अत्याधुनिक व तकनीकी शिक्षा की जानकारी खुद मोबाइल फोन से ही मिलेगी। यह बातें विंध्यवासिनी प्रसाद विद्याकांत पंडित महाविद्यालय कोरांव के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करने के दौरान विधायक राजमणि कोल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के पठन पाठन पर विशेष ध्यान दे रही है। गरीब छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा पद्धति को अपनाने में कठिनाइयां न हों इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं जो एक सराहनीय कदम है। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में उपस्थित रहे नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने भी सरकार के निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रवक्ता ग्राम प्रधान मनीराम शुक्ल ने की। छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक विनय कुमार तिवारी, गोस्वामी तुलसीदास कृषक इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ प्रदीप तिवारी, प्राचार्य डॉ उमाशंकर तिवारी, प्राचार्य रामजनम यादव, चंद्र प्रकाश शुक्ल प्रवक्ता, रमाकांत सिंह शिक्षक, प्रो अरुण कुमार मिश्र, बबुआन द्विवेदी, संजय शुक्ला, राकेश तिवारी, सुनील दुबे सहित कई शिक्षक व अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## स्कूलों में चलाया गया टिकाकरण अभियान

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खंड मांडा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को स्पेशल टीकाकरण का अभियान चलाया गया। वही सीएचसी मांडा द्वारा संचालित स्वास्थ्य परियोजना के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पर 66 टीकाकरण लगाया गया ।जिसमे आशा आभा रानी व एनएम मंजू देवी ने लाभांवित परिवार को जन्म से दो वर्ष के सभी बच्चों को टीके लगवाने की जानकारी दी। और बच्चों को बीमारियो से मुक्ति पाने के लिए मोहल्लों के लोगों को नियमित टीकाकरण की जानकारी एवं जागरूक किया गया।

## चोरी की बाइक के साथ दो धराए, भेजे गये जेल




अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया। बताया गया है कि सोमवार को रात मध्य रात के समय मोहल्ला महतवाना निवासी मोहम्मद शाद पुत्र मोहम्मद शफीक की बाइक घर के सामने से चोरी हो गई थी । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी हुई बाइक को ग्राम नौगिरा रोड से ग्राम तिलक का पूरा बागी रोड निवासी कासिम उर्फ शेरू पुत्र स्वर्गीय करामत हुसैन और मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी अमीन उद्दीन अब्बासी पुत्र अजीम उद्दीन अब्बासी को सब इंस्पेक्टर शरद सिंह, कांस्टेबल कप्तान सिंह,अंकुर यादव, ज्ञानेंद्र सिंह ने गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।





## श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है : राघवेंद्राचार्य

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन सोमवार को पांडेयपुर, भानीपुर गांव में कथा व्यास राघवेंद्राचार्य महाराज श्री धाम वृंदावन ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बाल लीला वर्णन, माखन चोरी, छप्पन भोग, गोवर्धन पूजा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गौ प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, गोपियों के प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का वर्णन किया।श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए।कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं परंतु मानस पाप नहीं होते।कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष भदोही अनिरुद्ध तिवारी, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, समाजसेवी शशांक मिश्र, मुख्य यजमान मुन्नी देवी कैलाशनाथ पांडेय, कृष्णकुमारी श्रीनाथ पांडेय, गायत्री स्व. प्रेमशंकर पांडेय, कविता सौरभ पांडेय प्रधान भानीपुर, विजय कांत पांडेय, रमाकांत पांडेय, आलोकचंद्र पांडेय, चंद्रकांत पांडेय, कृष्णकांत पांडेय, श्रेयश, तेजस, सार्थक, आरव, दक्ष, कृपाशंकर मिश्रा, ओमप्रकाश पांडेय, कैलाश त्रिभुवन नाथ दुबे, त्रिभुवन नाथ मिश्रा, सुरेश पांडेय, शिवदेव पांडेय, विकास इलाहाबादी, आलोक सिंह, गौरव राजपूत, रोहित तिवारी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, धनराज विश्वकर्मा आदि रहे।

## क्रेशर प्लांटो से खेती को हो रहे नुकसान के विरोध में किसान मंच की बैठक संपन्न




**पसना।** कोरांव मेजा तहसील के बार्डर पर कपुरी व पसना में लगे क्रेशर प्लांटो से फसलों को अपूरणीय क्षति हो रही है।गौरतलब है कि इन क्रेशर प्लांटो से उड़ रही धूल मिट्टी से लगभग दो किमी के दायरे में फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।खदानों में किए जा रहे ब्लास्ट के कारण पूरा रुचई के कई घरों में दरारे पड़ गई है। इन्ही समस्यायों को लेकर किसान मजदूर मंच एक बैठक मंच के जिलाध्यक्ष कृष्णबहादुर एडवोकेट की अध्यक्षता में पसना में आयोजित की गई।बैठक में उपस्थित किसानों एवम नागरिकों ने कृषि को हो रहे नुकसान,धरती को बंजर होने से बचाने हेतु एकजुट होकर आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्ताव किया गया कि इस समस्या से निजात पाने के लिए किसानों का समूह मंच के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शीघ्र ही सांसद रीता जोशी से मुलाकात करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से समाजसेवी सिद्धु भाई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल कोल, पूर्व प्रधान अशोक कुमार रामकृष्ण, संतकुमार, नन्हेलाल, भागवत प्रसाद, छोटेलाल, महिपति कोल आदि मौजूद रहे।

## कैकेई ने भरत को मांगा राजगद्दी राम को वनवास -भावुक हुए दर्शक

**करछना।** तहसील क्षेत्र के आम्बा गाँव में विगत 26 वर्षों से संचालित जय माँ शीतला रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम के अंतर्गत सातवें दिन की रामलीला के अंतर्गत मंथरा कैकेई संवाद,दशरथ कैकेई संवाद एवं राम बनवास तक की लीला आदि प्रसंगों का मंचन किया गया।कैकई के कोप भवन में चले जाने पर दशरथ उसे मनाते हुए कहते हैं सुमुखि सुलोचनी पिक वयनि कारण मोहि जनाव गज गामनी निज कोप कर कारण मोहि सुनाव। कैकई कहती है कि मांगू-मांगू पै कहू प्रिय कबहु न देहू न..। फिर राजा दशरथ कहते हैं अनहित तोर प्रिया केई कीन्हा केहि दुइ सिर केहि जमु चह लीन्हा... ।कोप भवन में राजा दशरथ कैकेई मनाने जाते हैं तथा दोनों के बीच काफी रूठने मनाने का क्रम चला जिसमें केकई राम बनवास का वरदान मांगती है यह सुनकर राजा दशरथ काफी विचलित हो गए।इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता राजेन्द्र कुमार मिश्र ₹बबुआन₹ रहे,उन्होंने प्रभु श्री राम के बारे में बताया की जिसके सिर मुकुट सजना था उसको ही सब कुछ त्यागना पड़ा, इसलिए जो आज्ञा चक्र में लिखा है वही होगा,वर्तमान जीवन का आनंद लेते रहना चाहिए,साथ ही उन्होंने राम के आदर्शों को बताते हुए कहा हमें



भगवान श्रीराम जी से अनुसरण लेना चाहिए उनके आदर्शों पर चलकर समाज में जात-पात ऊंच-नीच भेदभाव को खत्म कर कार्य करना चाहिए।कोई भी व्यक्ति अगर गरीब या असहाय है उसकी हर संभव मदद करनी चाहिए।उन्होंने उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों व जय माँ शीतला राम समिति के सदस्यों को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी।उक्त रामलीला में रामबाबू ओझा, राम सहाय ओझा,शिक्षक अनिमेष श्रीवास्तव, शिव प्रसाद गिरी,बृजेश ओझा, पिंटू मिश्र,शिव सागर ओझा,सतीश केसरवानी,सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता राम लखन ओझा,संचालन कमलेश ओझा एवं अतुल ओझा युवराज द्वारा किया गया।

## राम वनगमन रामलीला मंचन के दौरान अयोध्यावासी दुखी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** नव युवक रामलीला समिति भडेव्रा के कलाकारों की ओर से खेली जा रही रामलीला के मंचन में रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुट रही है। सोमवार की रात्रि में राम वनवास नामक रामलीला का मंचन कलाकारों की ओर से किया गया। जिसमें अयोध्या के राजा दशरथ की ओर से गुरु वशिष्ठ की अनुमति से राम के राज्याभिषेक करने की तैयारी चल रही थी। और राम के राज्याभिषेक की खबर पर अयोध्या वासी खुश रहे। वही दासी मंथरा का अभिनय कर रहे देवकांत मिश्र की ओर से रानी कैकेयी के कान भर दिए गए । और जानकारी दी की महाराज दशरथ आपको दो वरदान के लिए वचनबद्ध हुए हैं। और आप भरत को राजगद्दी तथा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास के लिए महाराज से मांग करें। वही रानी कैकेयी की ओर से महाराज दशरथ से दोनों वरदान मांगा गया। महाराज दशरथ का अभिनय कर रहे राजमणि विश्वकर्मा व रानी कैकेयी का अभिनय कर रहे



राहुल विश्वकर्मा के बीच चले देर संवाद के बाद महाराज दशरथ राजी हुए । और वहीं पिता की आज्ञा मान करके राम का अभिनय कर रहे यश मिश्र व लक्ष्मण का अभिनय कर रहे रामकृष्ण मिश्र माता कौशल्या और कैकेयी तथा सुमित्रा से आशीर्वाद लेकर के जानकी जी सहित सुमंत के साथ वन के लिए प्रस्थान कर दिए। वन की ओर जाते देख महाराज दशरथ मूर्छित हो जाते हैं। और दर्शक लोगों की आंखें नम हो जाती है। व्यास के रूप में कमला शंकर शुक्ल रहे। रामलीला समिति के अध्यक्ष लल्लू राम तिवारी व उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्र, प्रबंधक अशोक कुमार मिश्र , निदेशक देवप्रभाकर मिश्र, उपनिदेशक सुनील कुमार शुक्ल की ओर से कलाकारों समेत दर्शक लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर विजय कुमार मिश्र, देवकांत मिश्र, गंगेश्वर मिश्र, पंकज मिश्र श्याम प्रभाकर मिश्र , मोनू मिश्र, दीपक तिवारी, नीशू मिश्र , धर्मेंद्र कुमार शर्मा, शरद ओझा, गुड्डू ओझा, पंकज तिवारी, बाबूजी विश्वकर्मा, सुरेश शुक्ल , उज्जवल, अभिषेक सुरेश सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

### सजा दो घर को गुलशन सा अवध में श्रीराम आये हैं



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू डीह के तत्वावधान में 62 वर्ष की आयोजित रामलीला का सोमवार रात को श्रीराम राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया।जैसे ही राम लक्ष्मण सीता वनवास से वापस आए पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।गुरु वशिष्ठ की आज्ञा पर विधि विधान से श्रीराम का राज्याभिषेक मंचन किया गया इस दौरान मौजूद दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके पश्चात आकर्षक राम दरबार सजाया गया जहां प्रभु श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान का कमेटी पदाधिकारियों ने आरती उतार कर आशीर्वाद लिया। रामलीला मंचन के अंतिम दिन लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकर्ण वध, अहिरावण वध, रावण वध एवं विभिषण को लंका का राजा बनाने तक मंचन हुआ इसके बाद भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। साप्ताहिक रामलीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।रामलीला मंचन के पात्रों में सुशील उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, अनिल पांडेय, अभिनव पांडेय, निलेश उपाध्याय,???? आलोक सिंह प्रधान, गौरव राजपूत, चंदन सिंह, लवकुश उपाध्याय, रवि उपाध्याय, विशाल उपाध्याय, अनुज उपाध्याय, मनीष तिवारी, राजा तिवारी, अतुल तिवारी, अंकेश तिवारी, दीपक उपाध्याय, रॉकी पांडेय, निखिल पांडेय, कौशल उपाध्याय, ऋषभ उपाध्याय, स्वरूप उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, हर्ष उपाध्याय, कुणाल उपाध्याय, अवधेश तिवारी, शनि, विपिन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, मालिक पांडेय, पवन उपाध्याय, निराले उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, गौरव मिश्रा, विवेक मिश्रा, ओम मिश्रा, जिगर मिश्रा, अंकुश मिश्रा, दिनेश गौड़, बच्ची गौड़, गंगा गौड़, राजेश गौड़, सचिन गौड़, सनी गौड़ आदि रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम अगले 2 वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता को चार गुना करने का बनाया लक्ष्य

## ऊर्जा निगम ने सीएसआर परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** 49वें एनटीपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर, संसद सदस्य प्रो. (डॉ.) रीता बहुगुणा जोशी ने मेजा ऊर्जा निगम की सीएसआर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पहल पड़ोसी गांवों में रहने वाले 10,000 से अधिक लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए तैयार किया गया हैं। वही परियोजना में चल रही बुनियादी ढांचा के भीतर, लेहड़ी और माई खुर्द में इंटरलॉकिंग सड़कों का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया गया। इसके अलावा, कोहड़ार और बिजौरा में चल रही सौर ऊर्जा संचालित मिनी जल योजना की दो इकाइयां भी शुरू की गईं, और आसपास के गांवों के 30 चयनित युवाओं को तीन महीने का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के उद्देश्य से सीआईपीईटी कौशल-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया गया। इसके अलावा अतिरिक्त , कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एक हेल्थ एटीएम का उद्घाटन किया गया। अपने आभासी संबोधन में, श्रीमती। रीता बहुगुणा जोशी ने मेजा ऊर्जा निगम के प्रयासों की सराहना की और सामुदायिक विकास और सीएसआर पहल में कंपनी की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपने आसपास के इलाकों की देखभाल करना कंपनी की जिम्मेदारी है और वह इस कर्तव्य को बखूबी निभा रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सीआईपीईटी प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों को कंपनी के सभी प्रयासों में समर्थन देने की भी सलाह दी।

बाद में, वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी की आगामी विस्तार योजनाओं का अनावरण किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता एमयूएनपीएल के सीईओ श्री सुनील कुमार ने की, जिसमें 30 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया। सीईओ सुनील कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कंपनी की महत्वाकांक्षी विस्तार रणनीति का खुलासा करते हुए कहा, ₹मेजा ऊर्जा निगम उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा बिजली उत्पादक बनने की ओर अग्रसर है

एमयूएनपीएल ने अपनी मूल कंपनी- यूपीआरवीयूएनएल की वर्तमान उत्पादन क्षमता को पार करने के लिए अपनी मौजूदा बिजली उत्पादन क्षमता 1,320 मेगावाट में 5,600 मेगावाट जोड़ने की योजना बनाई है।सुनील कुमार ने कहा, "उत्पादित होने वाली 6,920 मेगावाट बिजली में से, भारी बहुमत (लगभग 85%) उत्तर प्रदेश को आपूर्ति की जाएगी।

वर्तमान में एमयूएनपीएल की दो परिचालन इकाइयां (2660 मेगावाट) मेजा, प्रयागराज में स्थित हैं और यह स्टेज 2 के तहत मेजा साइट पर तीन और इकाइयां (3800 मेगावाट) जोड़ने के लिए तैयार है। साथ ही, बिजली उत्पादक कंपनी राज्य के अन्य हिस्सों में भी विस्तार के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग रु. के प्रारंभिक निवेश के साथ सोनभद्र के ओबरा में दो इकाइयों (2800 मेगावाट) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 18,000 करोड़.इसके अतिरिक्त, सोनभद्र जिले के अनपरा में दो इकाइयां भी पाइपलाइन में हैं क्योंकि इसे यूपी सरकार की मंजूरी भी मिल गई है। संचयी रूप से, कंपनी अपनी बिजली उत्पादन क्षमता को चौगुना करने के लिए काम कर रही है, ‌‌सीईओ ने कहा। कुल मिलाकर, मेजा ऊर्जा निगम लगभग रु। का निवेश करने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में जल्द ही 60,000 करोड़ रु.इसके अलावा, कंपनी अपने प्रमोटर एनटीपीसी के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप, फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं में भी प्रवेश कर सकती है।

एमयूएनपीएल के सीईओ सुनील कुमार ने मीडिया सभा को बताया, ‌हम विशेष रूप से फ्लोटिंग सोलर स्पेस में अपने बिजनेस पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए विभिन्न अवसर तलाश रहे हैं। हम गोविंद बल्लभ पंत सागर जलाशय में एक फ्लोटिंग सौर परियोजना स्थापित करने के लिए यूपी सरकार के साथ प्रारंभिक बातचीत कर रहे हैं क्योंकि इसके लिए भूमि अधिग्रहण, सार्वजनिक विस्थापन की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही, यह वाष्पीकरण को भी कम करता है। बिजली उत्पादन से परे, एमयूएनपीएल बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य और स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कौशल निर्माण के क्षेत्र में विशेष जोर देने के साथ सामुदायिक विकास और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, सतत विकास को बढ़ावा देने और ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रयासों के अनुरूप, एमयूएनपीएल ने सामुदायिक विकास पहल और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ी राशि का निवेश किया है।

एमयूएनपीएल ईएसजी के अनुपालन और थर्मल पावर स्टेशनों से फ्लाई ऐश के अभिनव उपयोग पर भी जोर देता है। सुनील कुमार ने कहा, ₹बिजली उत्पादन की आवश्यकता बनी रहेगी लेकिन तरीका बदल जाएगा। इसलिए, भविष्य में, हम थर्मल स्रोतों के माध्यम से बिजली उत्पादन को राख की आवश्यक मात्रा तक सीमित रखेंगे और हरित ऊर्जा विकल्पों की ओर बढ़ेंगे। हम सड़क और भवन निर्माण और कृषि सहित फ्लाई ऐश के नए अनुप्रयोगों की खोज कर रहे हैं, जो मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। सामुदायिक विकास गतिविधियों और सीएसआर पहलों के बारे में विस्तार से बताते हुए कुमार ने मीडिया को बताया कि अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं।

एनटीपीसी द्वारा संचालित कंपनी का बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीईएम) कार्यक्रम दिल जीत रहा है। कंपनी हर साल मेजा के परियोजना प्रभावित गांवों से 40 लड़कियों का चयन करती है और उन्हें एक महीने के लिए विभिन्न पाठ्यचर्या और सह-पाठयक्रम कौशल में प्रशिक्षण देती है। उसके बाद, 10% मेधावी लड़कियों को पूरी तरह से प्रायोजित शिक्षा के लिए इसके स्कूल में शामिल किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी ने पहले ही सौर ऊर्जा संचालित मिनी जल योजनाओं, सौर ऊर्जा संचालित आरओ सिस्टम की 12 इकाइयां स्थापित करके परियोजना प्रभावित गांवों में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।

## आकांक्षा दुबे सुसाइड मामले में सिंगर समर सिंह को जमानत

**प्रयागराज।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत मामले में आरोपी सिंगर समर सिंह को जमानत मिल गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समर सिंह को बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश भी दिया है। समर सिंह सात महीने से वाराणसी जेल में बंद है। 2 महीने पहले वाराणसी कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद समर ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। मंगलवार को प्रयागराज हाईकोर्ट में समर सिंह की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति समीर जैन की कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलें दी। समर सिंह के वकील ने कोर्ट से उनकी जमानत की मांग की और साक्ष्य पेश किए। वहीं आकांक्षा दुबे के वकील ने समर सिंह की जमानत का विरोध किया26 मार्च को होटल में मिला था आकांक्षा का शव सारनाथ में 26 मार्च को भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव होटल के कमरे में लटकता मिला था। सारनाथ पुलिस ने मामले को आत्महत्या बताया था। लेकिन आकांक्षा की मां मधु दुबे इसे हत्या बताते हुए समर सिंह और दोस्त संजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने गायक समर सिंह को 6 अप्रैल की देर रात गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था। संजय सिंह को 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था।

## पुरस्कार वितरण के साथ जनसेवा रामलीला का समापन



**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला के पदाधिकारियों ने चौकी कमेटियों, रोशनी कमेटियों एवं साउंड कमेटियों के प्रदर्शन पर चर्चा की एवं सभी के प्रदर्शन को अच्छा मानते हुए उन्हें एक निश्चित धनराशि एवं दीवाल घड़ी देकर पुरस्कृत किया। जय मां दुर्गा चौकी कमेटी, नवीन हनुमान दल चौंकी कमेटी, केसरवानी चौंकी कमेटी, नवीन हनुमान दल रोशनी कमेटी, राजेश रोशनी कमेटी, श्याम साउंड कमेटी, शिव साउंड कमेटी को रामलीला समिति के संरक्षक सभासद पवन यादव, श्री रामलीला महासंघ के उपाध्यक्ष आरएलडी दुबे, अध्यक्ष रवि सिंह, महामंत्री विनय सिंह, कोषाध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार में दी जाने वाली दीवाल घड़ियों को हरि ओम टाइम हाउस के प्रोपराइटर राधे श्याम केसरवानी ने समिति को प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष रवि सिंह एवं महामंत्री विनय सिंह ने समिति के सभी पदाधिकारीओ, कार्यकताओं, सहयोगियों सिविल डिफेंस के लोगों एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। यमुना पार के प्रतिष्ठित पत्रकार बंधुओ को धन्यवाद देते हुए मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला ने कहा कि रामलीला के प्रचार, प्रसार एवं राम के आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके लिए रामलीला समिति उनकी आभारी है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पार्षद पावन यादव, हरिशंकर सिंह, आर एल डी दुबे, आर के शुक्ला, विनय सिंह, रवि सिंह, दयाशंकर तिवारी, शिवदानी सिंह, कमलेश मिश्रा, प्रदीप वर्मा, अनिल चौधरी, राधेश्याम केसरवानी, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव, अजय सिंह, अनिल शर्मा, शशि सिंह आदि ने सहयोग किया।

# नगर आयुक्त नगर निगम ने सुनीं शिकायतकर्ताओं की शिकायतें

## सम्पूर्ण समाधान दिवस, सम्भव सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग ने मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना। जिसमें कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किये जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय।सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय तथा श्रीमती रत्न प्रिया, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, मुख्य अभियन्ता विद्युत यॉत्रिक संजय कटियार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, संजय ममगई, दर्शन चन्द्रा, आर0पी0 श्रीवास्तव, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार, अधिषाशी अभियन्ता राधे कृष्ण लाल, नगर अभियन्ता, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, लेखाधिकारी अक्षय कुमार, राजस्व निरीक्षक तथा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# माउंट कार्मल स्कूल रेही कला नैनी में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी में मंगलवार को माउंट कार्मल स्कूल रेही कला नैनी में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी सांसद इलाहाबाद ने सभा संबोधित करते हुए विद्यालय परिवार की सराहना की। शिक्षा वह क्रांति है जो समाज में परिवर्तन लाने में सक्षम है परिवार समाज राष्ट्र के साथ-साथ संपूर्ण दुनिया को अपने अधिकार जिम्मेदारी व कर्तव्य का बोध शिक्षा ही कराती है। उन्होंने बच्चों तथा अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह पूरे लगन रुचि और निष्ठा के साथ पढ़ाई करें क्योंकि हिंसा अन्याय व भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने में शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए शिक्षणोत्तर गतिविधियों में शामिल होना भी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत मंचन की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता भागवत कुशवाहा ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और कौशल की ओर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया । इसके अलावा सांसद से कुशवाहा ने सड़क बिजली पानी आदि समस्याओं निस्तारण के लिए आग्रह किया। बतौर विशिष्ट अतिथि अतुल जायसवाल ने छात्रों को विज्ञान प्रौद्योगिकी साथ के साथ-साथ मौलिक चिंतन पर जोर दिया। माउंट कार्मल स्कूल के प्रबंधक आर पी यादव ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कारी जीवन को एक नया रूप देते हैं हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों में छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री राम पासमोर और सिंथिया पासमोर ने भी संबोधित किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों को उत्साहित किया कि उन्होंने किस प्रकार से संघर्ष करके शिक्षा प्राप्त की और शिक्षा ने किस प्रकार उन्हें गरीबी से बाहर निकाला शिक्षा ने ही उन्हें वास्तविक स्वतंत्रता दिलाई है। जिसके कारण वह देश-विदेश का भ्रमण करते हैं और अपने सपने को जीते हैं। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें भारत की प्रथम महिला डॉक्टर आनंदीबाई के संघर्ष पर आधारित ड्रामा प्रदर्शन करके महिला सशक्तिकरण के प्रयास को बल दिया गया। सर्वधर्म पर आधारित नाट्य बहुत ही प्रशंसनीय रहा। इस अवसर पर संत प्रसाद पांडे संतोष पांडे पार्षद पति रमेश सुशील भारतीय रेहान भारतीय अनुष्का प्रखर कुशवाहा शिल्पा शिल्पा कुशवाहा सुमित केसरवानी आदि उपस्थित रहे।





# दूसरे वाहन को बचाने में दरोगा की कार गहरे नाले में गिरी

**अखंड भारत संदेश**

## एग्रीकल्चर चौकी प्रभारी विपिन कुमार गंभीर रूप हुए घायल अस्पताल में भर्ती

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के एग्रीकल्चर चौकी प्रभारी की कर दूसरी कर बचाने के चक्कर में पुलिया के नीचे गिरी तेज गति से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में पुलिया पर से नीचे नाले में दरोगा की गाड़ी गिर गई। जिसमें दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के एग्रीकल्वर चौकी प्रभारी विपिन कुमार पाल सोमवार की देर रात अपनी कार से जा रहे थे कि जैसे ही वह थाना क्षेत्र के अरैल रोड नाले के पुलिया पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार को बचाने के चक्कर में उनकी कार पुलिया पर से नीचे नाले में जा गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे साथी पुलिस कर्मियों ने तत्काल उन्हें प्राइवेटअस्पताल में भर्ती कराया।

# अधीक्षक की मिलीभगत से उपकेंद्र पर पुतवा दी कालिख

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग के घूरपुर प्रथम उपकेंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर कुछ लोगों ने कब्जा करने का प्रयास किया है। उपकेंद्र पर कालिख पुतवा दी गई है। इसमें प्रथम दृष्टया जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्कालीन अधीक्षक एसीएमओ डॉ. तरूण पाठक की संलिप्तता पाई गई। तत्कालीन सीएचओ ने इस मामले में तत्कालीन अधीक्षक का भी नाम लिया है।मामला संज्ञान में आने के बाद अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. केके वर्मा ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने मौके पर जाकर हकीकत देखी तो वहां उपकेंद्र पर कालिख पोता गया। अपर निदेशक ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय से जवाब मांगा है। उन्होंने सीएमओ से पूछा है कि इस मामले में उनकी ओर से क्या किया गया है? इस संबंध में यूपी के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, कि इस मामले की जांच कराई जाएगी जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**तत्कालीन अधीक्षक ने सीएचओ को दिया था मौखिक आदेश :**

घूरपुर उपकेंद्र पर तैनात तत्कालीन सीएचओ दीपक ने इस संबंध में घूरपुर थाने पर शिकायत की थी। सीएचओ ने लिखा है कि ‌जसरा में तैनात रहे डॉ. तरूण पाठक ने मौखिक आदेश दिया था कि घूरपुर उपकेंद्र को खाली करना है और इसे देवरिया में शिफ्ट करना है।‌ जांच करने पहुंची टीम ने जब गांव के लोगों से पूछताछ की तो बताया गया कि तत्कालीन अधीक्षक डॉ. तरूण पाठक की मिलीभगत से इस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का वजूद मिटाने का प्रयास किया जा रहा है।वहीं वर्तमान अधीक्षक डॉ. अंकिता पांडेय द्वारा जांच टीम को बताया गया कि 13 सितंबर को वह यहां कार्यभार ग्रहण की हैं। इस मामले में उन्होंने सीएमओ को भी पत्र लिखा था।

**अधीक्षक को नहीं है उपकेंद्र हटाने का अधिकार :**

इस संबंध में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान एडी हेल्थ डॉ. केके वर्मा ने बताया कि जानकारी होने पर हम जांच करने पहुंचे थे। पता चला कि कुछ लोग सीएचओ को डरा धमकाकर हेल्थ एंड वेलनेस को खाली करा लिया और कालिख पोत दिया गया था। पता चला कि पूर्व अधीक्षक डॉ. तरूण पांडेय के दबाव में यह खाली कराया गया। उन्होंने कहा, अधीक्षक को पावर नहीं है कि वह हेल्थ एंड सेंटर को दूसरी शिफ्ट कर दें, यह अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति को है। यदि एक बार उपकेंद्र बन गया तो उसे बंद नहीं किया जा सकता है, इसका जियो टैगिंग और मैपिंग किया जाता है। इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ बोले, जांच कर भेजी जाएगी रिपोर्टइस संबंध में सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। फिर से उपकेंद्र को चालू कराया जा रहा है। पूरी जांच कर रिपोर्ट अपर निदेशक को भेजी जाएगी। वहीं डॉ. तरूण पाठक का कहना है कि उन्होंने इस तरह का आदेश नहीं दिया था।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 09 नवम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 09 नवम्बर 2023 को राजकीय आईटीआई मंझनपुर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/नॉन आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना पंजीयन कराते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# गौशाला का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

## गौशाला के गेट और पिलर को तिरंगा रंग में रहने का दिया आदेश

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** मंगलवार को खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने आदर्श गो आश्रय स्थल सोरांव में औचक निरीक्षण किया तो वहां पर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि लगभग एक घंटा निरीक्षण के दौरान वहां पर रखे गए चारा, चूनी चोकर आदि का निरीक्षण किया। इतना ही नहीं गाय माता को बीडीओ सोरांव और ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार ने गुड़ व चोकर खिला कर आशीर्वाद लिए।

जानकारी के अनुसार सोरांव गौशाला साफ सफाई और व्यवस्था के लिए क्षेत्र का एक अच्छा गौशाला माना जाता है। इसीलिए अक्सर अधिकारियों और मंत्रियों का औचक निरीक्षण होता ही रहता है। गौशाला को देखकर के खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार ने ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार संग गौपालक की पीठ भी थपथपाई।

बात करने पर खंड विकास अधिकारी ने बताया कि दीपावली पर्व के मद्देनजर साफ सफाई आदि कार्यों की समीक्षा को लेकर सभी ग्राम पंचायत में आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। गौशाला में कुल 117 मवेशी रहे। और सभी मनुष्यों के नाद में चारा और पानी की भी अच्छी व्यवस्था रही। इतना ही नहीं लगभग सैकड़ो कुंतल भूसा ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान द्वारा खरीद कर स्टोर भी किया गया है। जो कि समय-समय पर पशुओं को दिया जाता है। यह सब व्यवस्था देख खंड विकास अधिकारी गदगद हो गए। वहीं शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड की प्रगति रिपोर्ट देखने के लिए सोरांव ग्राम पंचायत पर गए तो पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव द्वारा लगभग 120 लोगों का एक दिन में आयुष्मान कार्ड बनाया गया था। जिसको खंड विकास अधिकारी द्वारा बहुत ही सराहना की गई। इस मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद यादव संग दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण अंचल की महिलायें समूह से जुड़कर स्वरोजगार के माध्यम से समृद्धिशाली बनें: डीएम

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत दीपावली के अवसर पर शुभ दीपावली मेला का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में फीता काटकर मेला प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा किया गया।



कचहरी परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

जिलाधिकारी ने इस दौरान महिला समूह के उत्पादों की विभिन्न प्रदर्शनी लाइट झालर, मूर्तियां, मोमबत्ती, दीपक, लाई-चूरा, झाड़ू, सजावटी सामान, आंवला से बने उत्पादों/सामानों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण अंचल की महिलायें समूह से जुड़कर स्वरोजगार के माध्यम से समृद्धिशाली बने, शासन की यही मंशा है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करते हुये कहा है कि मेले में पहुँचकर महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को खरीददारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुये अपने जनपद का उत्पाद प्राप्त करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये उत्पादों पर अच्छे ढंग से कार्य करने का सुझाव दिया गया। डीसी एनआरएलएम डा0 एन0एन0 मिश्रा ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को समूह की दीदियों से परिचय कराते हुये बताया कि इनके उत्पाद बहुत ही शुद्ध वातावरण में तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबन्धक संजय यादव, डीआरपी राजमणि त्रिपाठी, ब्लाक मिशन मैनेजर रामानन्द सिंह, अभिमन्यु यादव, अनिकेत जायसवाल ने अपनी सहभागिता किया। इसी प्रकार से विकास भवन के सामने भी महिला समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी (मेला) का आयोजन किया गया जिसमें 08 प्रकार के स्टाल लगाये गये जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री राजेश सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए डा0 आर0सी0 शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा एवं एमएसएमई के संयुक्त निदेशक वैभव खरे ने इस मेले की सराहना करते हुये महिलाओं के उत्पादों की प्रशंसा किया। इस कार्यक्रम में जिला मिशन मैनेजर सुनीता सरकार, सुमन पाण्डेय, दिव्या तिवारी एवं एन0आर0एल0एम0 की पूरी टीम ने अपना पूरा योगदान दिया।

# दलित संवाद में दाऊदपुर पहुंचे कांग्रेसी, दलितों को दिया भरोसा

अखंड भारत संदेश



दलित संवाद कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

**प्रतापगढ़।** आज दिन मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दलित संवाद कार्यक्रम दाउदपुर में जिला अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन जिला कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में दलित अधिकार मांग पत्र सैकड़ों लोगों द्वारा भरा गया। जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलित के हित के लिए काम किया है। दलित की समस्याओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा आंदोलन और संघर्ष करती रही है। देश में दलित के लिए कांग्रेस ने विभिन्न योजनाओं को चलाया था। सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कांग्रेस पार्टी दलित के साथ हमेशा खड़ी है कांग्रेस दलित की हर जरूरत का पूरा करने का काम करेगी। राम लावत यादव ने कहा दलित समाज कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है कांग्रेस की सरकार में ही दलित और देश का विकास हो सकता है कार्यक्रम में राम रतन तिवारी वेदांत तिवारी विवेक पांडे डॉक्टर मुरली हरिजन दरगाह ही राजेंद्र वर्मा, नीलू, लाल बहादुर, पुष्पा देवी, प्रिया, शिमला, गौतम, लक्ष्मी, गीता देवी, पृथ्वीराज गौतम सहित सैकड़ों उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के मतदाताओं को मिलेगा सार्वजनिक सवैतनिक अवकाश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु निर्धारित मतदान दिवस 07 नवम्बर (मंगलवार) एवं 17 नवम्बर (शुक्रवार) को, मध्य प्रदेश राज्य में होने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु निर्धारित मतदान दिवस दिनांक 17 नवम्बर (शुक्रवार) तथा राजस्थान राज्य में होने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु निर्धारित मतदान दिवस 25 नवम्बर को छत्तीसगढ़/मध्य प्रदेश/राजस्थान के मतदाता जो जनपद प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में कामगार के रूप में नियोजित/कार्यरत है, को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135ख के प्राविधानों के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को सेवायोजक अथवा प्रतिष्ठान के मालिक द्वारा मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान किया जायेगा तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक सवैतनिक अवकाश रहेगा तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जायेगा।

# परीक्षित मोक्ष के साथ श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** काछा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा आज परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ ही सम्पन्न हुई आज कथा कहते हुए व्यास जी ने कहा कि इस घोर कलिकाल में मनुष्य को अपने कल्याण के लिए श्री समद्भागवत का अनुष्ठान अवश्य ही करना चाहिए। इस अनुष्ठान को करने के लिए यह आवश्यक नहीं कि आप अपने ही आवास पर इस अनुष्ठान को सम्पन्न करें यह कथा आपके पुर में जहां कहीं भी हो रही हो आप श्रद्धापूर्वक वहां सम्मिलित हो कर सम्पूर्ण भाव से इस कथा को श्रवण कर आत्मसात करें जैसे परीक्षित महाराज ने इस कथा को श्रवण करने के उपरांत मृत्यु से भयभीत न होकर उसका सहर्ष आलिंगन किया वैसे ही आप भी इस अनुष्ठान से अपनी मृत्यु को जीत सकते हैं। आज की कथा में परिजनों सहित रामचंद्र शुक्ल जी ने कथा विश्राम के बाद हवन करके आरती किया और सभी उपस्थित जनसमूह का सात दिवस तक पूरे मनोयोग से कथा श्रवण करने के लिए आभार प्रकट किया। आज कथा में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पण्डित स्वामी नाथ शुक्ल की उपस्थिति रही। साथ ही अनुज, प्रणव, कलाकांत, सौरभ, शोभित, मयंक, जय प्रकाश, अजय, प्रकाश, अमित, अनंत, प्रतीक आदि उपस्थित रहे।



भागवत कथा में पूजा अर्चना करते लोग।

### पीस कमेटी की बैठक में आपसी एकता व भाईचारे से त्यौहार मनाने का संकल्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आगामी त्यौहारों को लेकर विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के संयोजन में जलेशरगंज बाजार, रानीगंज कैथौला समेत लालगंज कोतवाली परिसर में मंगलवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर शांति पूर्वक त्यौहार मनाने का संकल्प दिलाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि व्यापारी, अधिवक्ता समेत समाज के सभी वर्ग के लोग आगामी त्यौहार को लेकर शांतिपूर्वक ढंग से मनाये। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए रात दिन तत्पर रहेगी। । इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी, रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, राजेश यादव, कबीरदास, दीपक यादव, सुनील यादव, अनुज यादव, ज्ञानचंद्र तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, व्यापारमण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे आदि रहे।

# देश भक्ति व बलिदान का इतिहास बताता है छत्रपति शिवाजी पर आधारित महानाटयः शांतनु

### प्रतापवासिनी पैलेस में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कटरा मेदनीगंज स्थित प्रतापवासिनी पैलेस में आयोजित महानाट्य जाणता राजा के जीवंत पर आधारित आचार्य शांतनु महाराज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांसद संगम लाल गुप्ता के छोटे भाई संगम यूथ फाउंडेशन अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के तत्वावधान में आयोजित छत्रपति शिवाजी महराज के जीवन पर आधारित महानाटय जाणता राजा के काशी में मंचन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।



आचार्य शांतनु महराज का स्वागत करते आयोजकगण।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य शांतनु महाराज ने कहा महानाट्य जाणता राजा आगामी 24 नवंबर को काशी में होने जा रहा है। महानाट्य देश भक्ति और बलिदान का इतिहास बताता है। इसमें युद्ध नीति से लेकर राज्य व्यवस्था तक के बारे में शिवाजी महाराज से प्रेरणा मिलती है। शिवाजी के जीवन आदर्शों के बारे में विस्तृत रूप से आचार्य शांतनु महाराज ने विषय रखा, कहा कि आप सभी जीवंत नाटक देखने को आमंत्रित हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी भारत का एक ऐसा नाम है जिसे सुनते ही व्यक्ति में हिंदुत्व अपने आप जागृत होता है। इस महानाट्य को देखने के लिए आप लोग जरूर पहुंचे, छत्रपति शिवाजी कुशल शासक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा० सलिल श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन समिति के सचिव डॉ सौरभ पांडेय ने किया और स्वागत एवं आभार समिति के सह संयोजक संगम यूथ फाउन्डेशन अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने किया। इसी क्रम में आचार्य शांतनु जी महाराज ने सांसद संगम लाल गुप्ता के छोटे भाई संगम यूथ फाउंडेशन अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के साथ कटरा मेदनीगंज स्थित माता प्रतापवासिनी शीतला देवी धाम में दर्शन पूजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील दूबे, रूची केसरवानी, पंकज शुक्ल, पंकज मिश्र, रमेश सिंह, अभिषेक सिंह, राजू अग्रवाल, अतुल शुक्ल, संजय सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का जिला स्टेडियम में हुआ शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

### प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर की टीमों ने लिया हिस्सा

**प्रतापगढ़।** मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शैक्षिक सत्र 2023-24 का शुभारम्भ आज जिला स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा सम्मिलित हुये। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के छात्राओं द्वारा सरस्वती गीत की प्रस्तुति की गयी। मण्डलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशाम्बी एवं प्रयागराज के छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी को मार्च पास्ट की सलामी दी। इस अवसर पर उन्होने राष्ट्रीय एकता के प्रतीक गुब्बारे को उड़ाया तथा ध्वजारोहण किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद फतेहपुर की छात्राओं द्वारा योगा एवं विकास खण्ड के छात्र-छात्राओं द्वारा पीटी की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर की छात्राओं क्रमशः काजल यादव, कीर्ति यादव, गरिमा यादव, नेहा गौतम, प्रियंका एवं खुशी को राष्ट्रीय वालीबाल में चयनित होने पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



जिला स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

लोकगीत/लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान प्रयागराज ने प्राप्त किया। एकांकी में प्रतापगढ़ प्रथम स्थान व प्रयागराज का द्वितीय स्थान रहा। पीटी में प्रथम स्थान प्रतापगढ़ व द्वितीय स्थान प्रयागराज ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सम्मिलित बच्चों को उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने आये हुये अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मण्डलीय शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रयागराज मण्डल प्रयागराज तनुजा त्रिपाठी, जिला व्यायाक शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त व्यायाम शिक्षक, अध्यापगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील सिंह द्वारा किया गया।

### दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना रानीगंज के मु0अ0सं0 351/2023 धारा 363, 366, 376, 506 भादवि व 3/4 पॉक्सो से संबंधित अभियुक्त सोने लाल पटेल उर्फ अर्जुन पटेल पुत्र विजय बहादुर पटेल उर्फ बघउ पटेल निवासी ग्राम खरखू का पूरा थांना मऊआइमा, जनपद प्रयागराज को थाना क्षेत्र रानीगंज के मुआर आधारगंज नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

# श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण रूक्मणी के विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के इटहा कैथौला में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में छठवें दिन श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गये।

कथाव्यास आनन्दाश्रम जी महराज ने रूक्मणी व श्रीकृष्ण के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि रूक्मणी विदर्भ देश के राजा की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी की अवतार थी। रूक्मणी ने जब देव ऋषि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के सौन्दर्य व गुणों की प्रसंशा सुनीं तो उन्होंने श्रीकृष्ण से विवाह करने का मन ही मन निश्चय कर लिया। कथाव्यास ने बताया कि रूक्मणी का बड़ा भाई रूक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा शिशुपाल से करना चाहता था। इसकी जानकारी होने पर रूक्मणी ने संदेशवाहक से श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भेजा। इस पर श्रीकृष्ण पहुंचे और शिशुपाल को परास्त कर रूक्मणी की इच्छा से उनका हरण कर द्वारकापुरी ले आये।

रास्ते में रूक्मी ने कृष्ण को ललकारा तो श्रीकृष्ण ने उसे दण्डित किया। इसके पश्चात द्वारकापुरी में अपने सम्बन्धियों के समक्ष श्रीकृष्ण ने रूक्मणी से विवाह किया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण व रूक्मणी का वेश धारण किये बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। महिला श्रद्धालुओं ने मंगलगीत गाया। पूर्व प्रमुख ददन सिंह ने कथाव्यास का रोली चंदन से अभिषेक किया। यजमान संकठा प्रसाद सिंह ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, राज बहादुर सिंह, शारदा शरण सिंह, महेन्द्र सिंह, पप्पू तिवारी, दुर्गेश पाण्डेय, सचीन्द्र शुक्ल, राकेश तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, विनय जायसवाल, रामलखन ओझा, शिवकरन चतुवेर्दी, सतीश मारवाड़ी, पुष्पेन्द्र, विक्रान्त, प्राज्जल, हेमंत, रणवीर आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों किया निरीक्षण

## नौ नमूने संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व पर मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाईयाँ, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति घी, रंगीन मीठे, खिलौनें अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोक थाम हेतु प्रभारी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने, आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 09 खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित किया एवं विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजी।

खाद्य सचल दल द्वारा दिलीपपुर बाजार रानीगंज स्थित रोशन मिष्ठान भण्डार (प्रो0 सुनील कुमार गौड़) से पेड़ा का एक नमूना एवं अमृत लाल जायसवाल की मिठाई की दुकान से कलाकन्द का नमूना, पट्टी बाजार स्थित जगदीप गुप्ता की दुकान से चीनी के खिलौने का नमूना संग्रहित किया गया। पट्टी बाजार में विक्रय हेतु प्रदर्शित अखाद्य रंगों से निर्मित लगभग 20 किलोग्राम रंगीन चीनी के खिलौने नष्ट कराये गये। करनपुर स्थित हर्ष डेयरी से खोया व पनीर के नमूनें, कटरा मेदनीगंज स्थित दया शंकर यादव से गाय का दूध का नमूना, ताला मोड़ स्थित खण्डेलवाल फूड प्रोडक्ट्स से इण्डिका ब्राड के ऑवला मुरब्बा, बेल कैण्डी एवं ऑवला चूरन के नमूनें संग्रहित किये गये। खाद्य सचलदल में संजय कुमार तिवारी, जनार्दन सिंह, संतोष कुमार दुबे, अंजनी कुमार मिश्र, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नब्बे छात्र छात्राओं को दी गयी टीकाकरण की बूस्टर डोज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय उमापुर में कक्षा पांच तक के बच्चों को डीपीटी टीकाकरण की बूस्टर डोज लगायी गयी। इसके तहत स्थानीय विद्यालय के साथ ही हरिओम इण्टर कालेज में भी छात्रों को वैक्सीन लगायी गयी। एएनएम अंजू मिश्रा ने बताया कि दोनों विद्यालयों में कुल नब्बे बच्चों को टीकाकरण की खुराक दी गयी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक प्रभाकर दुबे, रंजीत वर्मा, प्रिया सिंह, सचिन पाण्डेय, पूजा विश्वकर्मा, सीमा सोनी आदि रहे।

### साधन सहकारी समितियो में डीएपी न होने से किसान परेशान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी तहसील में स्थित साधन सहकारी समितियां में इस समय किसानों के लिए डीएपी उपलब्ध नहीं है, जिससे किसान परेशान नजर आ रहे हैं, वही किसान बाजार में डीएपी अतिरिक्त दामों में खरीद रहे हैं। सरकार एक तरफ जहां खुद को किसान हितैषी बताती है वही उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं करा पाती है। प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी तहसील के सभी केंद्रों में डीएपी उपलब्ध नहीं है। जनपद में कुल 172 साधन सहकारी समितियां हैं जिसमें पट्टी तहसील में दो दर्जन से अधिक साधन सहकारी समितियां में डीएपी उपलब्ध न होने से किसान परेशान है। इस समय आलू मटर चना सरसों की बुवाई की शुरूआत है किसानों के लिए यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण है, मगर किसानों को डीएपी ना मिलने से परेशान नजर आ रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि समिति में डीएपी ना होने से गेहूं और आलू की बुवाई पर असर पड़ रहा है बाजार में कालाबाजारी करके अतिरिक्त दामों में डीएपी किसानों को दी जाती है।

# राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का व्यापार मण्डल की ओर से हुआ जोरदार स्वागत

## सगरा सुंदरपुर में पहुंचे सांसद ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य व अर्न्तराष्ट्रीय शायर इमरान प्रतापगढ़ी का मंगलवार को सगरा सुंदरपुर बाजार में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। राज्यसभा सांसद का काफिला बाजार में पहुंचते ही स्थानीय व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों व समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया। जोरदार स्वागत से गदगद सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने नवनिर्वाचित व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाजार के व्यापारियों में आपसी भाईचारे की मजबूती के साथ भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वह पूरी ताकत के साथ जब भी आवश्यकता पड़ेगी व्यापारियों के मान सम्मान व सुरक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खडे मिलेंगे। उन्होंने व्यापार मण्डल के अध्यक्ष जाकिर अली समेत सम्पूर्ण कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से अलग से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष जाकिर अली ने सांसद को बाजार के व्यापारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं को बताया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि श्यामजी जायसवाल, प्रेमशंकर पाण्डेय, कयूम खान, फकरूल हसन, रत्नाकर त्रिपाठी, सईद अख्तर, नान बाबू शुक्ल, साकिर अली, पवन पाण्डेय, इसरार अहमद, अजीत सोनी, विनोद पटवा आदि मौजूद रहे।



सगरा सुंदरपुर में राज्यसभा सांसद इमरान का स्वागत करते व्यापारी व समर्थक

### विद्युत कनेक्शन काटने के बाद भी जारी की गई आरसी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए भले ही विद्युत महकमा खुद अपनी पीठ थपथपाए लेकिन हकीकत कुछ और है पट्टी में विद्युत उपभोक्ता का कनेक्शन काटने के बाद भी उसके नाम आरसी जारी कर दी गई है। पट्टी कस्बे के रहने वाले हरिश्चंद्र पुत्र भागीरथी वार्ड नंबर 8 चैक बाजार के रहने वाले हैं उन्होंने अपना विद्युत कनेक्शन कुछ दिन पहले पूरी तरीके से कटवा दिया उन्हें पीडी रसीद में मिल गई, इसके बावजूद भी हजारों रुपए का आरसी उनके नाम का दे दिया गया जिससे वह परेशान है उन्होंने विद्युत उपखंड अधिकारी पट्टी को इस संबंध में शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री उज्जवला समिति की बैठक सम्पन्न

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में उज्जवला समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने उज्वला योजना के लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुरूप निःशुल्क सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर से दिसम्बर 2023 तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल का वितरण कराया जायेगा। जनपद में प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत 1.72 लाख परिवारों को इस योजना के तहत आच्छादित किया जायेगा। इसके पश्चात प्रथम चरण में आधार प्रमाणित 76047 लाभार्थियों को निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया जायेगा। उसके पश्चात जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेंगे, उसी क्रम में उन्हें इस योजनान्तर्गत आच्छादित करते हुए निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जायेगा। इसके लिए ऑयल कम्पनियों द्वारा अभियान चलाकर आधार प्रमाणन कराया जायेगा। सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किग्रा का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेंगा, जिसके 03 से 04 दिन के पश्चात योजनान्तर्गत दिये जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अन्तरित की जायेगी। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणन नहीं हुआ है, उनका आधार प्रमाणन ऑयल कम्पनियों के माध्यम से अभियान चलाकर सुनिश्चित कराया जायेगा, लाभार्थी स्वयं भी बैंक जाकर अपना आधार प्रमाणन करा सकता है। जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी उज्वला गैस कनेक्शन धारक सम्बन्धित गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर यह पता कर लें कि उनका आधार प्रमाणन हुआ है अथवा नहीं। यदि उनका आधार प्रमाणन नहीं हुआ है तो गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर आधार प्रमाणन करा लें, ताकि इस योजना का लाभ प्राप्त हो सकें मुख्यमंत्री द्वारा उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 10 नवम्बर को किया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल उपलब्ध कराया जाय बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी, सभी उप जिलाधिकारीगण, गैस कम्पनियों के सेल्स ऑफीसर एवं समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### दीपावली, धनतेरस के मद्देनजर थानाध्यक्ष ने की पीस कमेटी की बैठक



**कौशाम्बी।** आगामी धनतेरस, दीपावली, भाईदूज और छठ महापर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को चरवा थाना परिसर में बैठक हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, सम्मानित लोग उपस्थित हुए। थानाध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा कि त्योहार कोई भी हो सभी का उद्देश्य जीवन को खुशियों से भरना होता है। इसलिए सभी लोग सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे खुशियों को ग्रहण लगे। पटाखा व्यापारियों से कहा कि पटाखे के अस्थाई लाइसेंस के लिए प्रारूप दिया गया, जिसे भरकर ही दुकान लगाएं। कस्बे में अवैध भंडारण नहीं किया जाएगा। पटाखा की दुकान लगाने के लिए स्थान चिह्नित कर लिया गया है, दुकानें वहीं पर लगाई जाएंगी। दुकानों के पास ड्रम, पानी, बालू, बाल्टी इत्यादि का इंतजाम जरूर रखें। इसके अलावा पटाखा चलाते समय भी सावधानी बरतें। बैठक में प्रमुख रूप से चेयरमैन जगनारायन पासी, हीरा केशरवानी,अशर्फी लाल, संजय पासी, रंजीत यादव,, लालता प्रसाद,राम भवन यादव, लल्ला सिंह यादव,उपनिरीक्षक गिरीश सिंह, उपनिरीक्षक अयोध्या प्रसाद यादव, उपनिरीक्षक भगवान राम, उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव, उपनिरीक्षक रवि शंकर, व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी



**कौशाम्बी** अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर द्वारा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गई एवं समस्त शाखाओं, स्टोर रूम, पुलिस कैंटीन, डीसीआर कार्यालय, डायल-112, बैरक, जिम, एमटी शाखा तथा मेस का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी** आगामी पर्व धनतेरस दीपावली व छठपूजा आदि को सकुशल मनाए जाने एवं जनपद में कानून शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत समदा चौराहा में पैदल गश्त किया गया इस दौरान दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग भी की गई एवं संबंधित ड्यूटी में मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

### धर्म गुरुओ व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ डीएम एसपी ने की गोष्टी



**कौशाम्बी।**कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी आने वाले त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भाईदूज, देव दीपावली तथा छठपूजा पर्व को सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने जाने हेतु विभिन्न धर्म के धर्म गुरुओ व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गयी तथा त्यौहार को शान्ति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गयी । इस दौरान अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, निरीक्षक प्रज्ञान, अग्निशमन अधिकारी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 09 नवम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 09 नवम्बर 2023 को राजकीय आई0टी0आई0 मंझनपुर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आई0टी0आई0/नॉन आई0टी0आई0 एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना पंजीयन कराते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# महिला थाना पुलिस टीम द्वारा छात्र छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक व एनएसएस नोडल अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियंशियल प्रोग्राम उत्तर प्रदेश के प्रशिक्षण हेतु चयनित महामाया राजकीय महाविद्यालय ओसा के 30 स्वयं सेविकाओं ने महिला थाना मंझनपुर में प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें महिला थाना प्रभारी व अन्य सभी पुलिसकर्मी सम्मिलित रहे। इस प्रशिक्षण में छात्र/छात्राओं को महिला थाना प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा सम्बोधन कर मार्गदर्शन किया गया व पुलिस कार्यप्रणाली जैसे एफआईआर लिखना, घटना के निरीक्षण,भीड़ प्रबंधन, बीट पुलिसिंग, महिला संबंधी अपराध, मादक पदार्थों की लत, मानव तस्करी, यातायात नियंत्रण, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के तरीकों आदि के बारे में बताया गया तथा संबंधित उपकरणों के बारे में व प्रशिक्षण एवं निरीक्षण का तरीका बताया गया महिला सशक्तिकरण हेतु शासन के द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में बताया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी इस कार्यक्रम का आयोजन लगातार जनपद के विभिन्न थानों द्वारा किया जाएगा।



# हादसे में युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर किया सड़क जाम

**कौशाम्बी।** जिले में ट्रैक्टर से हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई,युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क कर शव रखकर सड़क को जाम कर दिया,सड़क जाम की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर जाम को समाप्त कराया ।मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के चतुरीपुर गांव का है जहा के ज्ञान सिंह पटेल (30) पुत्र राम शरण पटेल निवासी गोविन्द पुर गोरियो की हादसे में मौत हो गई,मृतक ज्ञान सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनो को सौप दिया,शव को लेकर परिजन गांव पहुंचे तो परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उसका शव रखकर सड़क को जाम कर दिया,सड़क जाम होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद सिराथू सीओ अवधेश विश्वकर्मा ,एसडीएम सौम्य मिश्रा फोर्स के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर जाम को समाप्त कराया। सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्घटना में युवक की मौत हो गई थी,जिसका शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो लोग आक्रोशित हो गए और सड़क को जाम कर दिया था,दोनो पक्षों ने समझौता कर लिया है,शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

## सड़क दुघर्टना में मजदूर गम्भीर घायल

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के ओदार पुर गांव का राजकुमार रैदास पुत्र बुल्ला मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करता है। 7 नवम्बर को सुबह 11 बजे बबुरा चौराहे से साइकिल के द्वारा अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही अपने घर के कुछ दूरी पर पहुंचा ही था। मनौरी की तरफ से तेज मोटरसाइकिल चालक अशोक कुमार यादव पुत्र शारदा प्रसाद निवासी रतगहां थाना चरवा ने पीछे से जोरदार टक्कर मारा जिससे राजकुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ हो कर वह सड़क किनारे तड़पने लगा । शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आनन-फानन निजी साधन से नारायण स्वरूप हास्पिटल प्रयागराज ले गये।

## 21 सितंबर से वाहन पार्किंग की है व्यवस्था

**कल्यानपुर कौशांबी।** रेलवे स्टेशन भरवारी में मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज द्वारा राजेंद्र प्रताप सिंह निवासी नया बाजार भरवारी को वाहन पार्किंग ठेका आवंटित किया गया है ।स्टेशन पर व अन्य जगहों पर जो भी यात्री इधर उधर अपने वाहन मोटर साइकिल,साइकिल,चार पहिया गाड़ी खड़ी करते है तो वह सावधान रहें ।अपने वाहन रेलवे स्टेशन भरवारी के पार्किंग स्थल पर ही खड़ी करें अन्यथा की स्थिति में चोरी होने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे। क्योंकि 8,9 नवंबर को भरवारी में मेला लगेगा तो तमाम चोर उचक्के वाहनों की चोरी करने की फिराक में रहेंगे

## सूचना तत्काल कोषागार को दिया जाय

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विनय कुमार प्रजापति ने अवगत कराया है कि पारिवारिक पेंशन/जीवन कालीन अवशेष के लिए पात्र परिजनों का यह दायित्व होगा कि पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना तत्काल कोषागार को दी जाय तथा यदि ससमय सूचना कोषागार को प्राप्त न होने पर पेंशन/पारिवारिक पेंशन का अधिक भुगतान जाता है तो बैंक खाते से ऐसी धनराशि का आहरण न किया जाय, अन्यथा परिस्थिति में हुए अधिक भुगतान की धनराशि की वसूली के लिए कोषागार को यह अधिकार होगा कि जिलाधिकारी के माध्यम से राजस्व बकायें की भॉति वसूली की कार्यवाही कर लिया जाय।

# खाद्य विभाग ने छापा मारकर नष्ट कराया खाद्य सामग्री एकत्रित किए नमूने

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** दीपावली के पर्व को देखते हुए जिले के विभिन्न बाजारों में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा छापेमारी निरीक्षण और नमूना संग्रहण का कार्य किया गयासहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में 7 नवम्बर को खाद्य सचल दल ने मिठाई की दुकानों में छापा मार कार्यवाही की चायल स्थित ग्राम रेही बूंदा रोड, पिपरी में खोया निर्माण करनी वाली भट्टी में छापेमारी कर नमूने संग्रहित किये गए इसके अलावा तिलहापुर मोड़, सराय आकिल, भगवती गंज, करन चौराहा पर स्थित मिठाई की दुकानों और किराना दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया और नमूने लिए गए बिना लेबल का संदिग्ध सरसों तेल बेचते हुए पाया गया जिसका नमूना वास्ते जांच संग्रहित किया गया स्टॉक लगभग 120 लीटर तेल जब्त किया गया ,जिसकी बाजार कीमत लगभग 17 हजार रुपये है। लगभग एक कुंतल खराब खोया जांच टीम द्वारा नष्ट कराया गया। जिसकी बजार कीमत लगभग 25 हजार रुपये थी खोया, बेसन, सरसों तेल,पेड़ा, खोया के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। कार्यवाही के दौरान बाजारों में दुकानें तेजी से बंद होने लगीं तथा बाजार में अफरा तफरी का माहौल रहा उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों की घरेलू जांच की सामान्य जानकारी दी गई, जिसमे बताया गया चांदी वर्क की पहचान के लिए मिठाई पर लगे वर्क को हाथ से रगडें, सही चांदी वर्क धूसर(ग्रे) रंग की छाप छोड़ते हुए गायब हो जाएगा जबकि नकली अलुमिनियम मिश्रित वर्क बाहर निकल आएगा और उंगली के बीच छोटी गोली सी बन जाएगी। मिठाई में खाद्य रंग 100 पीपीएम तक अनुमन्य है, ऐसे में गहरे रंगों अथवा अधिक चमकदार रंग वाली मिठाई से दूर रहें ।खोये की जांच के लिए टिंचर आयोडीन की 4 बूंदे डालने पर यदि रंग बैंगनी से नीला हो जाये तो उसमें आटा अथवा आलू की मिलावट है, जबकि शुद्ध खोये में रंग अपरिवर्तित रहेगा जांच के दौरान टीम के लोगों ने बताया कि किसी प्रकार की मिलावट का संदेह होने पर एफएसएसएआई के टोल फ्री नम्बर 1800112100 या एफओएससी ओएस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है ।खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत मिश्र, नितिन कुमार,शहाब उद्दीन सिद्दीकी और खाद्य सेनेटरी सुपरवाइजर अनिल एवम विजय शंकर मिश्रा शामिल रहे आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन लखनऊ के दिवाली पर्व पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के आदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम छाप मार की कार्यवाही टीम द्वारा की गई है।

# बलात्कारी को बचाने के ताने-बाने में फस्ती नजर आ रही है सराय अकिल पुलिस

## बलात्कार करते हुए पकड़ने के बाद बालिका और युवक को पुलिस को सौंपने वाले लोगों पर ही पुलिस ने गढ़ी थी मुठभेड़ की कहानी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपने पूरे कार्यकाल में विवादित मामलों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले तत्कालीन थानेदार विजय विक्रम सिंह एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं अदालत ने दाखिल रिट याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने सराय अकिल पुलिस को जांच कर विस्तृत आख्या अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं घटनाक्रम में सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक बालिका के साथ राजू नामक एक युवक 19 फरवरी 2021 को शारीरिक संबंध बना रहा था कनैली गांव के गुलशन तिवारी पुत्र इंद्रपाल तिवारी अपने साथियों के साथ कहीं जा रहे थे और सड़क के किनारे संबंध बनाए जाने बालिका की चीख पुकार सुनकर वह मौके पर रुके और राजू को मारपीट कर बालिका को अलग कराया मामले की जानकारी मिलते है मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई ग्रामीणों के साथ गुलशन तिवारी ने आरोपी राजू के साथ बालिका को लेकर कोतवाली पुलिस को सौपा बालिका के पिता ने पुलिस को तहरीर दी जांच के नाम पर पुलिस ने घटना के दिन मुकदमा नहीं दर्ज किया और बलात्कारियों को बचाने के लिए तत्कालीन सराय अकिल थानेदार ने ताना-बाना बुनना शुरू कर दिया दूसरे दिन पीड़ित परिवार पर दबाव डालकर पुलिस ने तहरीर बदलवा दी मामले को लेकर ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया जिस पर घटना के दूसरे दिन 20 फरवरी 2021 को देर रात पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी राजू को जेल भेज दिया लड़की की इज्जत बचाने वाले और आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौपने वाले गुलशन तिवारी को भी पुलिस घर से पकड़ लाई और फर्जी मुठभेड़ दिखाते हुए उसके पैर में गोली मार दी जिससे गुलशन तिवारी घायल हो गया घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया बाद में उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया फर्जी मुठभेड़ की कहानी पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया और समाचार पत्रों ने सराय अकिल पुलिस की जमकर छीछालेदर कर कोतवाल की करतूत उजागर की करतूत उजागर होने के बाद पुलिस विचलित हो गई और प्रयागराज रेफर करने के बाद आरोपी गुलशन तिवारी को भागने और फिर पुलिस मुठभेड़ में हत्या की साजिश रची जाने लगी इस बात की जानकारी गुलशन तिवारी को हुई और वह पुलिस के चंगुल से भाग गया पुलिस उसे खोजती रही लेकिन दोबारा गुलशन तिवारी पुलिस को नहीं मिल सका बाद में गुलशन तिवारी ने अदालत में समर्पण किया 27 अक्टूबर 2022 को बालिका के पिता ने अदालत में दिए गए बयान में गुलशन तिवारी को निर्दोष बताया और कहां कि गुलशन तिवारी ने बालिका की इज्जत बचाई है पुलिस को बुलाया है और गांव वाले व सहयोग से आरोपी राजू को गिरफ्तार कर पुलिस को सौपा है पूरे घटनाक्रम को लेकर गुलशन तिवारी के परिजनों ने अदालत में रिट याचिका का दाखिल कर अदालत से न्याय मांगा मामले की सुनवाई करते हुए अदालत में सराय अकिल पुलिस को निर्देशित किया है कि वह मामले में जांच कर विस्तृत आख्या अदालत में प्रस्तुत करे। फर्जी मुठभेड़ की कहानी रचने वालों में तत्कालीन थानेदार विजय विक्रम सिंह सहित उप निरीक्षक परमानंद उप निरीक्षक विनोद कुमार पांडे उप निरीक्षक आलोक कुमार उपनिरीक्षक रजनीकांत उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी उप निरीक्षक हनुमान प्रसाद सहित 14 पुलिसकर्मियों के खिलाफ अदालत में रिट दाखिल की गई है।

## खेत में खड़ी फसल को जोतकर दबंग ने किया नष्ट

**कौशाम्बी।** कडा धाम थाना क्षेत्र के ताज मल्लाह गांव निवासी धीरेंद्र कुमार पुत्र राजाराम ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी भूमिधरी जमीन में उसने पत्थरगड़ी करवाई है। और अपने खेत में सरसों की फसल लगाई है लेकिन उसके खेत में बोई गई फसल को दबंगों ने ट्रैक्टर के सहारे फिर से जोतवा दिया है जिससे सरसों की फसल नष्ट हो गई है पीड़ित का आरोप है कि गांव का दबंग उसकी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से बोई सरसो की खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जोताई कर दी जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई है जिसका विरोध करने पर दबंग जान से मारने की धमकी दे रहा है पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# महिला मिशन शक्ति शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** महिला मिशन शक्ति शक्ति दीदी अभियान पेज के तहत 07 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोखराज से एंटी रोमियो आरक्षी महिला कांस्टेबल हेड कांस्टेबल पूनम देवी,व कांस्टेबल,पूनम ,महिला अनीता देवी ,कांस्टेबल गीतांजलि ने कोखराज क्षेत्र के उलाचूपुर ग्राम में जा कर महिलाओं बालिकाओं के बीच जाकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया है इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से पुलिस ने कहा कि किसी प्रकार की अपराधिक समस्या आने पर वह मामले की जानकारी पुलिस थाना में हेल्पडेस्क में सूचना दे कर पुलिस की मदद तत्काल ले सकती है महिलाओं की सहायता के लिए पुलिस हमेशा खड़ी है। महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी शक्ति नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपात कालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्प लाइन 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्प डेस्क एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर एंटी रोमियो पुलिस द्वारा जागरूक किया गया।

## संपादक की कलम से

# आखिर हम कब जागेंगे?

**पिछले** कई दिनों से दिल्ली की सुबह ऐसी हो रही है कि धुँध के बीच सूरज छिप जा रहा है और हवा जहरीली हो गई। घर से बाहर निकलने में डर लगता है। पर उससे भी काम नहीं चलता क्योंकि वही हवा घर के भीतर भी पहुँच रही है। जीने के लिए साँस लेनी होगी और साँस लेते हुए जहर निगलना ही पड़ेगा। इस हालात का बच्चों और बूढ़ों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। अस्पतालों में श्वांस के रोगी बहुत बढ़ गए हैं। हृदय और मधुमेह के रोगियों की मुसीबत और बढ़ गयी है।

गौर तलब है कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र (एनसीआर) का प्रदूषण स्तर गाजा की बारूदी युद्धभूमि की तुलना में बीस है। यह समाचार भी तैर रहा था कि करवाचौथ के दिन भारतीयों ने पंद्रह हजार करोड़ की खरीदारी की। निश्चय ही यह तथ्य बताता है कि लोगों की क्रय शक्ति में इजाफा हुआ है। ऐसे में बाजार की धमाचौकड़ी बढ़ती है। इसी के साथ सड़कों पर मोटर वाहनों की संख्या भी बेतहाशा बढ़ रही है जिनसे दैनिक जाम लगना आम बात हो गई है। साथ ही वायु प्रदूषण भी अनिवार्य रूप से अनियंत्रित होता जा रहा है। परंतु स्माग यानी धुआँ और धूल-धक्कड़ के मिश्रण की बहुतायत का मुख्य और फौरी कारण आसपास के खेतों में किसानों द्वारा पराली जलाने से उपजा धुआँ है। दिल्ली के आजू-बाजू में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के क्षेत्र आते हैं और कुछ वर्षों से इस मौसम में पराली जलाने की समस्या आती रही है। इनसे निपटने की बात हर बार की जाती है। दिल्ली समेत इन सभी क्षेत्रों में चुनी हुई उत्तरदायी सरकारें हैं परंतु पराली को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बन सकी है। कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है जो इसे नियंत्रित कर सके। देश की राजधानी गैस चैम्बर सरीखी बन रही है और उससे बचाव के लिए प्राइमरी स्कूल बंद करने का फैसला लेना पड़ा। पर यह कोई समाधान नहीं है। इस स्थिति के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव से बचने का कोई मार्ग नहीं है।

सामाजिक समस्याओं के प्रति इस तरह की उदासीनता के हम आदी होते जा रहे हैं। हम समस्याओं को तब तक बढ़ने देते हैं, जबतक वे विस्फोटक न हो जाएं। टूटने के कगार पर पहुँचने के बाद ही सरकार के कान पर जूँ रेंगती है और तब कुछ किया जाता है। यह नीति बड़ी घातक है और हमारी अपरिपक्व सोच को ही बताती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की जटिलता, नकचढ़े ढंग की सत्ता समर्पित नौकरशाही, भ्रष्टाचार के विविध रूप और देश तथा समाज के प्रति लगाव की कमी के अद्भुत मेल के चलते हमारी रीति-नीति में लोकहित उपेक्षित ही रह जाता है, उसका दिखावा जरूर किया जाता है । जन -प्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद अक्सर सिर्फ अपने निजी हित को ही सुरक्षित रखने में लगे रहते हैं। जनता और जनता की कठिनाइयाँ धरी की धरी रह जाती हैं। विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार होने की, विश्व गुरु होने की और वैश्विक नेतृत्व की हमारी महत्वाकांक्षा के शोरशराबे में पर्यावरण, सामाजिक समरसता, मूल्यपरक शिक्षा और नैतिकता के जरूरी और जायज सवाल दब जाते हैं। फिर विचार के क्रम में मुल्तवी रख दिए जाते हैं। अमृतकाल के उत्सव में हमें अपने अंदर झांकना होगा और सबको जगाना होगा । तभी सच्चे और पूरे रूप में स्वराज आ सकेगा।

# इसे अनंतकाल तक अक्षुण बनाए रखना होगा

**संजीव**

**करीबन** आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे सके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि "भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है"। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है।

# राजस्थान की जनता पर मोदी का जादू कायम

**अशोक भाटिया**

**राजस्थान में** 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। चुनाव में चुनावी पर्चे भरे जा चुके है ।भाजपा और कांग्रेस सहित तमाम पार्टियां चुनावी मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रही हैं। इस चुनावी समर में सभी दलों के दिग्गज नेता अपना दम दिखा रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दम के सामने सभी बेदम नजर आ रहे हैं। इसकी पुष्टि एनडीटीवी का ओपिनियन पोल भी कर रहा है। इस पोल से पता चलता है कि राजस्थान की जनता पर प्रधानमंत्री मोदी का जादू सर चढ़कर बोल रहा है। केंद्र की सत्ता में आने के साढ़े नौ साल बाद भी प्रधानमंत्री मोदी को जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। आज भी राज्य की बहुसंख्यक आबादी केंद्र सरकार के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट दिखाई दे रही है।

दरअसल एनडीटीवी ने सीएसडीएस-लेकनीति के साथ मिलकर एक ओपिनियन पोल किया हैउसके अनुसार इसमें जनता का मूड प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। इस ओपिनियन पोल में जब केंद्र सरकार के कामकाज से संबंधित सवाल पूछा गया तो राज्य की 55 प्रतिशत जनता ने जवाब दिया कि वो केंद्र सरकार के काम से पूरी तरह संतुष्ट है। वहीं 24 प्रतिशत ने कहा कि वो सरकार के काम से कुछ हद तक संतुष्ट है, जबकि 8 प्रतिशत ने कहा कि कुछ हद तक असंतुष्ट है। मोटे तौर पर राजस्थान के 79 प्रतिशत जनता को प्रधानमंत्री मोदी से कोई शिकायत नहीं है। राजस्थान के विधानसभा



चुनाव में भी प्रधानमंत्री मोदी के नाम के सामने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम बेअसर दिखा दे रहा है। जब जनता से पूछा गया कि आखिर वो इस चुनाव में क्या देखकर वोट करेंगे इसके जवाब में 37 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वो प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट करेंगे, जबकि 32 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पर वोट करेंगे। 31 प्रतिशत जनता ने कहा कि पार्टी देखकर मतदान करेंगे। वहीं चेहरा देखकर वोट देने के मामले में प्रधानमंत्री मोदी और राहुल के बीच काफी अंतर दिखाई दे रहा है। जहां 13 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वो प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा देखकर वोट करेंगे, वहीं 3 प्रतिशत लोगों को राहुल गांधी का चेहरा पसंद आया।

सर्वे में शामिल 45 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट देने की बात कही, वहीं 39 प्रतिशत ने कांग्रेस के पक्ष में अपनी राय दी। पुरुष मतदाताओं में 43 प्रतिशत भाजपा और 41 प्रतिशत ने कांग्रेस का समर्थन किया है। युवाओं की पहली पसंद भाजपा है। 45 प्रतिशत युवाओं ने भाजपा को वोट देने की बात कही, वहीं 35 प्रतिशत ने कांग्रेस के पक्ष में राय दी। भ्रष्टाचार रोकने के मामले में भी जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया है। ओपिनियन पोल में 45 प्रतिशत जनता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए अच्छा काम कर रही है, जबकि 34 प्रतिशत ने कहा कि राज्य की गहलोत सरकार अच्छा काम कर रही है।

गौरतलब है कि एनडीटीवी-सीएसडीएस लोकनीति सर्वे राज्य की 30 सीटों पर 24 से 30 अक्टूबर के बीच किया गया है। इसका सैंपल साइज 3,032 था। राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों के लिए एक ही चरण में 25 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। दशकों से हर पांच साल पर सरकार बदलने की परंपरा चली आ रही। ऐसे में अशोक गहलोत अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लाग रहे हैं, वहीं भाजपा ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी हैं। लेकिन इस सर्वे से संकेत मिल गया है कि राजस्थान की जनता सरकार बदलने की परंपरा जारी रखने का मूड बना चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम चुनौतियों के बावजूद अपनी लगन, मेहनत और समर्पण से ना सिर्फ अपने देश में बल्कि पूरे विश्व में अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है। उन्होंने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनकी वजह से देशवासी उन्हें देश का सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री मानते हैं। इसकी पुष्टि मीडिया के सर्वे से भी होती है। इंडिया टुडे मूड ऑफ द नेशन के एक ताजा सर्वे में फिर सामने आया है कि प्रधानमंत्री मोदी पर जनता का भरोसा कायम है। सर्वे में अब तक हुए देश के 14 प्रधानमंत्रियों में से पांच प्रधानमंत्रियों के बारे में लोगों की राय ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री की रेस में अन्य प्रधानमंत्रियों से काफी आगे हैं।

पिछले हफ्ते इंडिया टुडे मूड ऑफ द नेशन सर्वे के आंकड़े जारिए किए गए। ये आंकड़े देश के पांच प्रधानमंत्रियों को मिले मतों से संबंधित है। इनमें तीन कांग्रेस के और भाजपा के दो प्रधानमंत्री शामिल है। इनमें भी प्रधानमंत्री मोदी वोट प्रतिशत के मामले में सबसे आगे हैं। सर्वे में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुल 43 प्रतिशत वोट मिले हैं। इस सर्वे में दूसरा स्थान इंदिरा गांधी ने हासिल किया है। उन्हें 15 प्रतिशत वोट मिले हैं। इसके बाद 12 प्रतिशत वोट के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को तीसरा स्थान, 11 प्रतिशत वोट के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चौथा स्थान और 6 प्रतिशत वोट के साथ देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पांचवां स्थान मिला है। गौरतलब है कि यह सर्वे 15 जुलाई से 14 अगस्त 2023 के बीच किया गया है। इसमें करीब 13 हजार मतदातओं से ग्राउंड स्तर पर पूछताछ कर उनसे राय ली गई है। साल 2022 के बाद से प्रत्येक 6 महीने पर सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री के बारे में लोगों की राय ली जा रही है। इस सर्वे में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ प्रधानमंत्री मोदी लगातार आगे बने हुए हैं। जनवरी 2022 और अगस्त 2023 के बीच हुए चार सर्वे की सूची में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता बढ़ी है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस हर मामले में जवाहर लाल नेहरू की मिसाल पेश कर रही है। लेकिन पॉपुलैरिटी ग्राफ के देखे तो पिछले चार सर्वे में उनके ग्राफ में गिरावट होती जा रही है। जवाहरलाल नेहरू को जनवरी 22 में सबसे ज्यादा 9 प्रतिशत वोट मिले थे। अगस्त 2022 में उन्हें 5 प्रतिशत वोट मिले और इस साल जनवरी में भी ये आंकड़ा वही रहा। जबकि इस महीने उन्हें एक प्रतिशत वोट अधिक मिले हैं।यह भी जानना जरुरी है कि राजस्थान की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में किसे मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है सर्वे में इस सवाल का जवाब गहलोत के पक्ष में गया। एनडीटीवी ओपिनियन पोल के मुताबिक, 27% लोग एक बार फिर अशोक गहलोत (कांग्रेस) को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री के रूप में वसुंधरा राजे (भाजपा) को 14% लोग देखना चाहते हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि 15% लोग ऐसे भी हैं, जो भाजपा के किसी अन्य चेहरे को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं। बाबा बालक नाथ (13%), गजेंद्र सिंह शेखावत (6%) और सीपी जोशी (3%) शामिल हैं।वहीं कांग्रेस में दूसरे चेहरे की बात करें तो 9% जनता सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहती है। 3-3% जनता गोविंद सिंह डोटासरा और डॉ सीपी जोशी को भी कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद का दावेदार मानती है। एनडीटीवी के ओपिनियन पोल के अनुसार, राजस्थान में बेरोजगारी और महंगाई दो सबसे बड़े चुनावी मुद्दे हैं। सर्वे के मुताबिक, बेरोजगारी और कॉस्ट ऑफ लिविंग राजस्थान में वोटर्स के लिए बड़े मुद्दे हैं। गरीबी और विकास की कमी तीसरे और चौथे नंबर पर है।

# चुनावी राजनीति-धर्म के दिखावे के चक्रव्यूह में फंसी कांग्रेस

**मृत्युंजय**

**भारतीय** राजनीति में मुस्लिम तुष्टिकरण को चुनाव जीतने का मन्त्र मन जाता रहा है किन्तु 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने और फिर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या पर मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय दिए जाने के बाद स्थितियों में बड़ा बदलाव आया है। कुछ वर्ष पूर्व तक भरतीय जनता पार्टी की ओर से नारा लगाया जाता था, रामलला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे और विरोधी दल पलटवार करते हुए कहते थे, रामलला हम आयेंगें मंदिर वहीं बनायेंगें किंतु तारीख नहीं बतायेंगे। इस चुनाव में सब कुछ परिवर्तित हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ जाने के बाद अयोध्या नगरी में दिव्य -भव्य गगनचुम्बी राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है, रामलला के विराजमान होने की तिथि भी आ गयी है। आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने अस्थायी मंदिर से नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं अब वहां पर भाजपा के सभी स्टार प्रचारक अयोध्या की बात कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में श्री रामंदिर का प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसके कारण वहां कांग्रेस पार्टी असहज महसूस कर रही है क्योकि भापजा की ओर से अब केवल यह कहा जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस ही रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित बड़े नेता तूफानी चुनाव प्रचार कर रहे हैं और जनता जनार्दन को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित कर रहे हैं ।

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में राम मंदिर का उदघाटन कर रहे हैं। अतः छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना लाई जायेगी ताकि छत्तीसगढ़ के लोग राम मंदिर का दर्शन कर सकें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश में रामराज्य का आरम्भ होगा, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपने साढ़े नौ साल के दौरान योजनाओं के माध्यम से राम राज्य की नींव रखी है। यहां पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के तमाम दिग्गज नेता धुधांधार प्रचार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हिंदू धर्म को समाप्त करने के लिए ईसाई मिशनरीज जहां



हिंदू समाज का सरकारी सहयोग के बल पर धर्मांतरण करा रही हैं तो वहीं हिंदू मुस्लिम जिहाद से भी आतंकित हो रहे हैं। राज्य में धर्मांतरण की रोकथाम के लिए भाजपा उत्तराखंड व यूपी की तरह धर्मांतरण की रोकथाम के लिए एक व्यापक कानून लाने की बात भी कह रही है। राजस्थान में भी भाजपा की ओर से समग्र हिन्दुत्व की विचारधारा व उसके विकास को समाहित करते हुए चुनाव प्रचार किया जा रहा है। राजस्थान में नाथ संप्रदाय का बहुत महत्व है और जनसंख्या के आधार पर कुछ सीटों पर वह असरकारी भी है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी वहां भी स्टार प्रचारक हैं और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन पूजन करने के बाद अपना अभियान प्रारम्भ किया है। योगी जी ने अपना चुनाव अभियान अजमेर में उसी जगह से प्रारम्भ किया जहां पर प्रशासन ने 300 साल पुराने एक शिव मंदिर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख भी बता दी गई है। मंदिर उद्घाटन की तिथि बता दिये जाने के बाद भी सेक्युलर दलों में काफी तनाव है और यही कारण है कि उनकी ओर से भी लगातार अजब गजब -प्रकार के बयान आ रहे हैं। जहाँ एक ओरअयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के कारण मुस्लिम समाज को भड़काने का अथक प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ,सपा, बसपा सहित आप पार्टी के लोग अब कहने लगे हैं कि राम तो सभी के हैं।

राहुल गांधी चले केदारनाथ- विधानसभा चुनावों में भाजपा की आक्रामक रणनीति और चुनावों मे कांटे की टक्कर को देखते हुए कांग्रेस गहरे दबाव मे आ गई है और यही कारण है कि जो राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हिंदू बनाम हिंदुत्व और तपस्वी बनाम पुजारी में घृणित और विकृत मानसिकता के साथ भेद पैदा कर रहे थे वही अब अपने आप को उदार हिंदू दिखाते हुए केदारनाथ धाम जाकर राजनैतिक विश्लेष्कों को व हिंदू जनमानस को प्रभावित करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। सच तो ये है कि राहुल गांधी ने केदारनाथ दौरे से स्वयं को ही कई प्रश्नों के चक्रव्यूह में फंसा लिया है क्योंकि यह वही राहुल गांधी हैं जो विदेशों में जाकर भी हिंदू धर्म का अपमान करते रहे हैं और मंदिरों के विषय में विकृत बयानबाजी करते रहे हैं। राहुल गांधी का अभी तक मानना रहा है कि हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां शक्तिहीन हैं। वह यह बयान भी दे चुके हैं कि हिंदू लोग मंदिरों में लड़कियां छेड़ने जाते हैं।राहुल गांधी हिंदू समाज को विभाजित करने के लिए जातिगत जनगणना का अभियान भी चला रहे हैं। जब ज्ञानवापी प्रकरण में हिंदू पक्षकारों ने शिवलिंग मिलने का दावा किया था तब कांग्रेस उसे फव्वारा बता रही थी । कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए लगातार बाधा डाली और उन्हें भगवान राम व रामचरित मानस को काल्पनिक बताकर हिंदू समाज का हर क्षण अपमान किया। तमिलनाडु के द्रमुक नेताओं द्वारा सनातन हिंदू समाज के उन्मूलन की बात पर गांधी परिवार पूरी तरह से मौन साध गया। अभी अचानक ऐसा क्या हो गया कि राहुल गांधी अपना सारा काम छोड़कर केदारनाथ धाम पहुंच गये। सोशल मीडिया पर लोग तरह- तरह की बात कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की राजनीति में महादेव एप का विवाद चल रहा है जिस पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि घोटालेबाजों ने महादेव को भी नहीं छोड़ा संभवतः उनकी इसी बात का असर हुआ और राहुल गांधी केदारनाथ धाम पहुंच गये। यह भी कहा जा रहा है कि विधान सभा चुनावों में अभी तक कांग्रेस की गारंटियों का कोई ऐसा असर नहीं दिख रहा है यही कारण है कि राहुल गांधी हिंदू समाज की आंखों में धूल झोंकने के लिए केदारनाथ धाम पहुंच गये हैं। सोशल मीडिया पर काफी हंगामा हो जाने के बाद कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर आ गयी और उसे बयान देना पड़ा कि यह राहुल की निजी आध्यात्मिक यात्रा है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी हिंदू व सनातन धर्म को लेकर पूरी तरह से भ्रमित रहती है। ज्ब भी चुनाव आते है कांग्रेसी नेताओं को मंदिर याद आ जाते है।

# दीपावली: हर तरफ फैलाता सद्भाव का उजाला

**आर.के. सिन्हा**

**दीपोत्सव** मूलतः और अंततः हिन्दू पर्व होते हुए अपने आप में व्यापक अर्थ लिए हुए है। यह अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि, अंधेरा अधिक काल। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का। दिवाली को ईसाई, मुसलमान और यहूदी भी अपने-अपने तरीके से मनाएंगे। सिख, बुद्ध और जैन धर्मावलंबियों के लिए तो इस दिन का खास महत्व है ही। राजधानी दिल्ली के बिशप हाउस पर दिवाली पर आलोक सज्जा की जाएगी। दीए भी जलाए जाएंगे। यही है भारत की विशेषता। क्या है बिशप हाउस? ये नई दिल्ली के जयसिंह रोड पर स्थित देश के प्रोटेस्टेंट ईसाई समाज के प्रमुख बिशप का मुख्यालय है। दरअसल प्रकाश पर्व हमें अपने देश के पवित्र मूल्यों, जरूरतमंद लोगों के प्रति मदद का हाथ बढ़ाने की हमारी जिम्मेदारी और अंधेरे पर रोशनी की ओर बढ़ने का, ज्ञान और रोशनी चुनने की हमारी ताकत, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की तलाश, अच्छाई और अनुग्रह का स्रोत बने रहने की हमारी परम्परा की याद दिलाता है।

इस पर्व को सिर्फ हिंदू धर्म से जोड़ना भी अनुचित होगा। भारत के लाखों मुसलमान भी दिवाली को मनाते हैं। वे दिवाली पर अपने घरों- दफ्तरों की सफाई करने के अलावा चिराग जलाते हैं। राजधानी के इमाम हाउस में भी चिराग जलाने की परंपरा है। इंडिया गेट से सटी इस मस्जिद के इमाम मौलाना उमेर इलियासी मानते हैं कि भारत में रहने वाला कौन इंसान होगा जो दिवाली न मनाता होगा। इसी तरह मुंबई की हाजी



अली दरगाह और दिल्ली के निजामउद्दीन औलिया की दरगाहों को भी दिवाली पर सजाया जाता है। मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे इस्लामिक देशों में दीपावली पर सार्वजनिक अवकाश भी होता है। मेरे कुछ परिचित बता रहे थे कि बरेली शहर में दिवाली पर मुस्लिम समुदाय के लोग सूने घरों को भी दीयों से रोशन करते हैं। सच में प्रकाश और रोशनी का पर्व अंधकार से रोशनी में ले जाता है। इसलिए हम अपने घरों के आगे अंधकार को दूर करने के लिए दीये जलाते हैं। इसी तरह हमें दिवाली पर अपने मन मस्तिष्क से अज्ञानता का अंधेरा दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश फैलाना चाहिए।

भारत में तो दीपोत्सव देशभर के ईसाई भी मनाते हैं। दीपोत्सव पर राजधानी के ब्रदर्स हाउस में रहने वाले अविवाहित पादरी भी दीये जलाएंगे। इनका कहना है कि दिवाली और क्रिसमस जैसे पर्व अब धर्म की दीवारों को लांघ चुके हैं। इन्हें सब मनाते हैं। दिवाली तो अंधकार पर प्रकाश की विजय दशार्ता है। दरअसल भारत में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इस संस्था का संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इन्होंने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की। इन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस कार्य किया है। चूंकि ये सब पादरी ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट से संबंध रखते हैं, इसलिये इन्हें ब्रदर भी कहा जाता है। यहां पर रहने वाले पादरी मानते हैं कि रोशनी के इस पर्व को खुशियों का पर्व भी कहा सकता है। दीपावली के आने से पहले ही सारे माहौल में प्रसन्नता छा जाती है।

भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देता है। भारतवर्ष में हजारों वर्षों से दीप प्रज्वलित कर अंधकार को मिटाकर प्रकाशमान वातावरण का निर्माण किया जाता रहा है। दीपावली पर्व के दौरान धन की अनावश्यक बबार्दी को रोक कर उस राशि का प्रयोजन पुरुषार्थ और परमार्थ के सद्प्रयोजनों में कर आने वाली पीढ़ी को हम यज्ञमय जीवन की सौगात दे सकते हैं। दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने व वायु मंडल को प्रदूषण से बचाने का भी संकल्प लेना। गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करके दीपावली की रौशनी उनके घरों में भी पहुंचा सकते हैं।

यूं तो यहूदी धर्म को इजराइल के साथ जोड़ कर देखा जाता है। पर मुंबई, केरल, दिल्ली वगैरह में बसे हुए यहूदी जमकर दिवाली मनाते हैं। राजधानी का एकमात्र जूदेह हयम सिनगॉग खान मार्केट के पास है। यहां दिवाली से एक दिन पहले से दीये जलाने की व्यवस्था हो जाती है।

यह सारे उत्तर भारत में यहूदियां की एकमात्र सिनगॉग है। इसके रेब्बी एजिकिल आइजेक मालेकर की देखरेख में दिवाली से पहले सिनगॉग के बाहर दीये जलाए जाते हैं। दिवाली पर जब अंधेरा घना होने लगेगा तो वे दीये जलाकर प्रकाश करेंगे। भारत के यहूदी कहते हैं कि वे भारत में रहकर आलोक पर्व से कैसे दूर जा सकते हैं। हम यहूदी हैं, पर हैं तो इसी भारत के।

## कोतवाली पुलिस ने तीन चोरों को माल समेत दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस ने तीन चोरों को चोरी के समरसेबल, 47 किलो चावल व दो किलो तिल समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि बनकट रोड पर धान राइस मिल से एक कुंतल चावल व नकदी, रामू गुप्ता के घर के सामने खड़ी पिकअक से दो कुंतल तिल व दुकान से नकदी, पड़ोसी राजबहादुर की दुकान से समरसेबल चोरी का मामला कोतवाली कर्वी में दर्ज था। चुन्नू पुत्र बउरा निषाद, बुद्धू निषाद पुत्र रतीराम, खुन्नू उर्फ छुद्दू पुत्र अर्जुन निषाद निवासी टिकुरा कोतवाली कर्वी के नाम मामला दर्ज था। दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने गंगा रोड स्थित संतोषी माता मंदिर से तीनों को गिरफ्तार किया। चोरों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया। माल बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही कुलदीप द्विवेदी व दिनेश यादव शामिल रहे।

## पुलिस ने दुराचार वांछित को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा राकेश मौर्य की टीम ने घर में घुसकर दुष्कर्म के वांछित राममिलन वर्मा पुत्र स्व सिपाहीलाल निवासी गुमाई थाना अतर्रा जिला बांदा को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक राकेश मौर्य व दीवान संदीप देव शामिल रहे।

## रैपुरा पुलिस ने दो चोरों को माल समेत दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में रैपुरा पुलिस ने दो चोर को चोरी के समरसेबल समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि तीन नवम्बर को अनिल कुमार पुत्र स्व साधु प्रसाद निवासी कोबरा पोखरी ने थाने में सूचना दी कि 29 अक्टूबर की रात एक बजे सबमर्सिबल मोटर पंप बोर से गांव के राजा मिश्रा उर्फ मारकंडे पुत्र गिरजा शंकर व राजू कोल पुत्र भंवरबाज कोल निवासी पोखरी मजरा कौबरा थाना रैपुरा ने चोरी कर लिया है। इस बाबत थाने में मामला दर्जकर गिरफ्तारी को दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने राजा मिश्रा उर्फ मारकंडे पुत्र गिरजाशंकर को गिरफ्तार किया। चोरों के कब्जे से चोरी का समरसेबल बरामद कर धारायें बढाई। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय व दरोगा रमेश सिंह यादव, दीवान आशाराम, सिपाही अशोक कुमार, राजमंगल, तिलक राज शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचे विभिन्न मामलों के सात वारंटी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने सात वारंटियों को दबोचा है।

मंगलवार को भरतकूप थाने के दरोगा गुरु दयाल सिंह ने दीवान राजवीर सिंह के साथ बलबा, मारपीट के मामले में वारंटी दुर्जन पुत्र राम आधार व गुड्डन पुत्र दुर्जन निवासी भरतपुर को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने सिपाही प्रकाश मिश्रा, अशोक पाल के साथ मारपीट-गाली-गलौज के वारंटी हरिमोहन पुत्र रामनिहोरे निवासी गनीवा प्रसिद्धपुर थाना राजापुर को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा मुकेश सिंह परिहार ने सिपाही शुभम त्रिपाठी, जितेन्द्र मौर्य के साथ चोरी, माल बरामद के मामले में वारंटी मेवालाल पुत्र छेदीलाल निवासी राजापुर को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह ने सिपाही संजय यादव के साथ बलबा, मारपीट, जान से मारने की धमकी मामले के वारंटी रामू पयासी पुत्र लक्ष्मीनारायण पयासी, रिषभ सोनकर पुत्र रमेश सोनकर निवासी सुभाषनगर को गिरफ्तार किया।

मानिकपुर थाने के दरोगा रविन्द्र कटियार ने सिपाही शिवम मिश्रा के साथ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी तथा क्षति पहुंचाने के मामले में वारंटी बेलहा पुत्र बौरा निवासी हेला को गिरफ्तार किया।

# कुछ यूं सजेगा दीपावली में चित्रकूट व डीएम

## दीपावली महोत्सव अलग अंदाज में मनेगा-प्रशासन की देखरेख में होंगे तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस वर्ष चित्रकूट दीपावली महोत्सव कुछ खास ढंग से मनेगा। सभी मुख्य चैराहों-प्रमुख स्थलों को विद्युत की झालरों व रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया जा रहा है। बेड़ीपुलिया से रामघाट तक विशेष सजावट जारी है। रामघाट मंदाकिनी को ऐतिहासिक आकर्षक बनाने का काम चल रहा है। ?दीपावली महोत्सव में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी श्रीचित्रकूट तीर्थ विकास परिषद करायेंगे। परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बुंदेलखंड की विलुप्त हो रही लोक कलाओं के संवर्धन-संरक्षण से लोक कलाकारों को तरजीह मिलेगी। दीपावली उत्सव के विशेष कार्याधिकारी एएसडीएम पंकज वर्मा ने बताया कि चित्रकूट उत्सव 9, 10, 11 नवंबर को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रामायण मेला के मंच पर होंगी। नौ को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रायें सरस्वती वंदना एवं लोकगीत, कैलाश प्रिदुषा आदि दिल्ली की टीम भजन एवं नृत्य पेश करेंगे। दस को जबलपुर के संजू बघेल की टीम आल्हा, राम भजन, मथुरा की वंदना नृत्य-नाटिका एवं संगीत पेश करेंगी। 11 को झांसी के भजन गायक चंद्रभूषण पाठक भजन संध्या सजायेंगे। व्यवस्थापक उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने बताया कि चित्रकूट दीपावली अमावस्या मेला पांच दिन चलेगा। मेले में देश-विदेश से लगभग पचास लाख श्रद्धालुओं के हिस्सा लेने के आसार है। कामदगिरि परिक्रमा में श्रद्धालु दीपदान करते हैं। पांच दिनों तक श्रद्धालु ठहराव कर धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। तीर्थ विकास परिषद ने नई पहल की है। लखनऊ के श्रीनारायण कठपुतली नृत्य पेश करेंगे। बांदा के आरसी योगा जादू व रायबरेली की शीलू आल्हा का जलवा बिखेरेंगी। बांदा के प्रसिद्ध दीवारी नृत्य पार्टी रमेश पाल टीम शानदार प्रस्तुति देंगे। महोबा की प्रतीक्षा दीक्षा आल्हा प्रस्तुति देंगी। मऊरानीपुर के रघुवीर राई नृत्य पेश करेंगे। बांदा के रामस्वरूप राही भजन गायकी, मानिकपुर की कोल आदिवासी श्रीमती बूटी का कोल्हाई नृत्य पेश होगा। स्वामी भरखरी गद्दी भजन व कबीरपंथी सुनायेंगे। झांसी के द्वारिका यादव अलगोजा का वादन प्रस्तुत करेंगे। छोटेलाल प्रजापति कुम्हराई की प्रस्तुति देंगे। हमीरपुर के राम भजन सिंह हुडुक वादन, आचरी गायन, मथुरा के हर प्रसाद राजपूत लावणी, चंग, मथुरा के उपेंद्र सिंह जौहर लोककला की प्रस्तुति देने को आ रहे हैं। खिलचीपुर के सोनू सही डमरू, बांदीकुई के बनवारी लाल कच्ची घोड़ी, अकरम खान बहुरूपिया, संतोष की टीम मशक बीन प्रस्तुति देंगे।

जिलाधिकारी ने सभी आस्थावानों से रामायण मेला में तीन दिवसीय सांस्कृतिक लोक कलाओं का आनंद लेने की सभी से अपील की है।

# गाजा पट्टी पर बमबारी बंद करो

## सरकारी नीतियों से देश में श्रीलंका जैसी स्थिति: अमित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा ने राष्ट्रीय आवाहन पर भाकपा कैंप कार्यालय कर्वी से कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने नारेबाजी फिलिस्तीन पर बमबारी बंद करो, इंकलाब जिंदाबाद, भारत सरकार शांति की पहल करो, सीपीआई जिंदाबाद करते हुए तहसील मुख्यालय में का रणधीर की अध्यक्षता मे सभा की।

मंगलवार को सभा में का अमित यादव एड ने कहा कि इजरायल की फिलिस्तीन में बमबारी रोकी जाए। गाजा पट्टी व वेस्ट बैंक में इजरायल की फौज की घेराबंदी को रोका जाए, क्योंकि फिलिस्तीन में 10000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जिसमें 4000 से अधिक बच्चे हैं। मरने वालों में बूढ़े, स्त्रियां व बच्चे अधिक हैं। अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं कि गाजा पट्टी व वेस्ट बैंक में इजरायल की फौज नरसंहार कर रही है। अमेरिका व पश्चिमी यूरोप के अनेकों अमीर देशों की आंखों में कोई शर्म-लिहाज-मानवता के लिए नहीं है। गाजा पट्टी में अस्पताल, आश्रय स्थलों पर इजरायल की बमबारी में मृत लोग औरतें, बच्चे, बूढ़े हैं। घेराबंदी जारी है। बेशर्म इजराइल रुकने का नाम नहीं ले रहा। भारत सरकार फिलिस्तीन की जनता के समर्थन में परंपरागत समर्थन की राजनीति छोड़कर अमेरिका के पीछे खडा हुआ है। सबूत है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली में गाजा पट्टी पर प्रस्ताव आया, जिसमें मांग की कि तत्काल सीज फायर किया जाए तो भारत ने समर्थन में वोट नहीं दिया। सभा के बाद राष्ट्रपति संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन न्यायिक तहसीलदार मंगल यादव को सौंपा। सभा में प्रदेश अध्यक्ष नौजवान सभा का महेंद्र पाल, का रविकरन, का राजकरन, विनोद पाल, दिनेश कुमार, रामशरन ने संबोधित किया। प्रदर्शन व ज्ञापन देने में शिवचंद सिंह एड, राम स्वयंवर, हनुमान, कमलेश सिंह, राम विजय, रामचंद्र, कमलेश यादव, आशीष यादव, प्रदुम सिंह, कमल कुमार, रवि विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# टीला हटाने के बाद नदी से निकाला मलबा

## अब नदी किनारे होगी सफाई, विलुप्त जलस्रोत खुलने के आसार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी के बीच बने टीला को जेसीबी मशीन ने हटा दिया। नदी की गहराई बढ़ाकर पोकलेंन मशीन ने मलबा बाहर निकाला। मलबा इस कदर निकला कि पहाड लग गया। अब नयागांव रपटा से नदी किनारे पोकलेन सिल्ट निकालने का काम करेगी। अभियान के बाद विलुप्त जलस्रोत खुलने के आसार हैं।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव रपटा के पास नदी में विशाल टीला कई वर्षों से बना था। टीला न केवल नदी के बहाव में बाधक था, बल्कि गंदगी-सिल्ट बढ़ाने की वजह बन गया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने पोकलेन मशीन से टीले को तीन दिन में समाप्त कर दिया। 50 मीटर लम्बाई तक नदी को एक से डेढ़ मीटर गहरा किया। यहां उथली नदी से चोई व गंदगी का अम्बार लगता था। अब पन्नालाल घाट में दीपावली पर श्रद्धालु स्वच्छ नदी में डुबकी लगाएंगे। मंगलवार को नदी से पूरा मलबा निकालकर बाहर फेंका गया। सैकड़ों ट्रैक्टर मलबा व सिल्ट निकलने से यहां नदी की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। पहले गूगल मैप से नदी देखने पर टीला बदनुमादाग जैसा लगता था। अब नदी यहां अविरल नजर आएगी। बुधवार से नदी किनारे बूडे हनुमान जी तक पोकलेन पहुंचेगी, सिल्ट निकालने का अभियान चलेगा। किनारों की सिल्ट निकलने से नए स्रोत खुलने के आसार हैं। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार व एई गुरु प्रसाद समेत विभागीय लोग मौके पर मौजूद रहे।

# छात्रों को प्रभारी ने नियमों से चलने को किया प्रेरित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने यातायात पुलिस टीम के साथ जनसेवा इण्टर कालेज में छात्रों को गोष्ठी में जागरूक किया।

मंगलवार को गोष्ठी में छात्र/छात्राओं को यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने नियमों के बारे में बताते हुए कहा कि परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष आ? पूरी होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लें। साइकिल व वाहन से स्कूल जाते समय हमेशा बायीं ओर चलें। सावधानी से वाहन चलाए।

गोष्ठी में प्रधानाचार्य, टीएसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह, टीएसआई राजकिशोर, दीवान देवेन्द्र राजपूत, दीवान विनोद, दीवान नौशाद खां, दरोगा धर्मेश त्रिपाठी समेत विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# चुनावी रंजिश में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या, दहशत

**लखीमपुर खीरी-थाना** मितौली क्षेत्र के नवीन तहसील भवन के पास पेट्रोल पंप के निकट बसी नई कालोनी में रहने वाले एक युवक की पुरानी रंजिश के चलते बाइक सवार दो हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी ।जब वह पैदल ही कुछ सामान लेने दुकान पर जा रहा था ।दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई ।वहीं अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया ।प्राप्त विवरण के अनुसार थाना मितौली क्षेत्र के ढखिया कुस्तौल के मजरा चबेनहा गांव निवासी



ऊदनलाल 35 पुत्र तौलेराम मितौली कस्बे से बाहर नवनिर्मित तहसील परिसर के पीछे बनी नई कालोनी में अपने परिवार व गांव के अन्य लोगों के साथ घर बनाकर रह रहा था ।पैतृक गांव में उसकी कुछ लोगों से चुनावी रंजिश चल रही थी ।इससे पहले भी उसके ऊपर जानलेवा हमला हो चुका था ।जिसकी थाने में रिर्पोट दर्ज बतायी जा रही है ।परिजनों ने बताया आज सुबह जब वह कुछ लेने घर से बाहर निकला तभी घात लगाए खड़े बाइक सवार ग्राम प्रधान एवं उसके साथी राजू ने उसे सामने से गोली मार दी ।इससे उसकी तत्काल मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुंचे एसओ आलोक धीमान ने शव को कब्जे में ले लिया ।परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है ।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।वहीं दिनदहाड़े हुई घटना की सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना कर परिजनों से पूंछतांछ कर जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।एसपी ने बताया पूरानी रंजिश के चलते हत्या की गई है ।

## तीन जिलों के वार्ड मेम्बरों को भाजपा आज देगी प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने बताया कि आठ नवंबर को भाजपा जीते हुये बुंदेलखंड के तीन जिले चित्रकूट, बांदा, महोबा के सभी निर्वाचित सभासदों को एक दिवसीय प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण शिविर सवेरे नौ बजे से शाम छह बजे तक होगा। प्रशिक्षण में कई सत्रों में अलग-अलग सत्र में अलग-अलग वक्ता उद्बोधित करेंगे। ये प्रशिक्षण स्वर्णिमा होटल रामघाट सीतापुर में होगा। तीनों जिलों के सभी सभासद प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे। ये जानकारी मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने दी है।

## दहेज हत्या में पति को आठ वर्ष, सास-ससुर को 7-7 साल की सजा

सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह व पैरोकार महेश्वरीदीन ने पैरवी कर न्यायालय से दहेज हत्या के आरोपियों में पति को आठ वर्ष की सजा, सास-ससुर को 7-7 वर्ष की सजा, प्रत्येक को 7-7 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक संजय कुमार (अ) ने बहिलपुरवा थाने में दर्ज दहेज हत्या के मामले में आरोपी सत्यनारायण पुत्र दुर्गा प्रसाद, रंची देवी पत्नी सत्यनारायण निवासी ऐंचवारा को 7-7 वर्ष की सजा व अनिल उर्फ सोनू पुत्र सत्यनारायण को आठ वर्ष की सजा, प्रत्येक को 7-7 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि आठ अक्टूबर 2019 को रामप्रकाश पुत्र कल्लूराम निवासी देवारी थाना राजापुर ने बहिलपुरवा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसकी पुत्री राखी देवी को दहेज की मांग पूरी न करने पर सास-ससुर व पति ने हत्या कर दी है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर आरोपियों को जेल भेजा था। विवेचना तत्कालीन सीओ सिटी रजनीश कुमार यादव ने कर पांच नवम्बर 2019 को गिरफ्तार कर दस जनवरी 2020 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## बदमाशों ने बोलेरो रोक चालक को लूटा, मानिकपुर क्षेत्र में जारी है बदमाशों का खौफ

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सतना से लौट रहे बोलेरो चालक को धारकुंडी के पास कार में मिले चार बदमाशों ने रोककर पीटा। असलहे लहराकर मौजूद 35 हजार रुपये लूट लिए। मोबाइल तोड़कर फेंककर भाग निकले। घायल किसी तरह थाने पहुंचे। आरोप लगाया कि रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। मंगलवार को जिला मुख्यालय के बनकट के शिक्षक राजेंद्र कुशवाहा के पुत्र राहुल कुशवाहा ने बताया कि वह प्राइवेट बोलेरो से मरीज को सतना में भर्ती कराने गया था। रविवार शाम वहां से लौटते समय धारकुंडी मार्ग पर पहुंचा तो पहले से सड़क किनारे खड़े कार सवार चार युवकों ने रूकवाया। बोलेरो रोकते ही चारों युवकों ने उसे पकड़कर मारपीट करने लगे।

असलहे दिखाकर उसके पास मौजूद रुपये लूट लिए। आरोपियों के भागने के बाद मानिकपुर थाने पहुंचा। आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद सिपाहियों को जानकारी दी तो कहा गया कि ये मामला मप्र के धारकुंडी क्षेत्र का है, वहीं रिपोर्ट दर्ज होगी। इस मामले में मानिकपुर थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया फिलहाल मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

## बनते ही टूट-टूट कर बिखर रहा नाला, सत्ता पक्ष का कोई नेता बनवा रहा नाला?



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में बेडीपुलिया से बनते आ रहे नाले की देखरेख करने वाला मुख्यालय में कोई नहीं है। मुख्यालय के अधिकारी घटिया सामग्री से बन रहे नाले के प्रति क्यों खामोशी अख्तियार किये हैं। प्रतीत होता है कि ये नाला भाजपा का कोई नेता बनवा रहा है, इसीलिए घटिया सामग्री से बन रहे नाले के प्रति सभी लोग खामोश दिख रहे हैं। मंगलवार को ये नाला कपसेठी के पास बुरी तरह टूटकर बिखरा नजर आया। बेडीपुलिया से बेतरतीब ढंग से बनाये जा रहे करोडों की लागत से नाले पर रखी पटिया चकनाचूर हो गई हैं। ये नाला शुरू से ही विवादों के घेरे में रहा है। इससे प्रतीत होता है कि सत्ता पक्ष का कोई नेता इस नाले का ठेका लिए है। इसीलिए जिला मुख्यालय के अधिकारी बेतरतीब ढंग से बन रहे नाले के प्रति खामोशी धारण किये हैं।

नाला निर्माण में मानक का कोई ध्यान नहीं दिया गया है। ठेकेदार से लेआउट भी मांगा गया, उसने कोई लेआउट देने की जरूरत किसी को नहीं समझी। जाहिर है कि नाला निर्माण का ठेकेदार कोई प्रभावी व्यक्ति नजर आ रहा है। इस नाले में कब-कहां हादसा हो जाये, किसी को नहीं पता। हादसा होने पर नाला निर्माणकर्ता भुगतान लेकर चलता बनेगा। इस नाला निर्माण की बारीकी से जांच होनी चाहिए।

## विद्यालय में कार्यशाला कर छात्राओं को आयुर्वेद के प्रति किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी- भारत सरकार** के आयुष मंत्रालय आदेश अनुसार आयुर्वेद दिवस थीम आयुर्वेद फॉर वन हेल्थ की टैगलाइन हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद के रूप में 10 नवंबर को धनतेरस के शुभ दिन पर आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा ।कार्यक्रम के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए जिले के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.हरबंश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जिले में आयुर्वेद सप्ताह मनाया जा रहा है ।इसी क्रम में आज सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मूड़ा गालिब के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुदीप तिवारी द्वारा छात्र छात्राओं को मानवजीवन में आयुर्वेद के महत्व के विषय पर बताते हुए आयुर्वेदिक दिनचर्या ऋतुचर्या एवं आयुर्वेदिक औषधियां का किचन मसाले से हटकर आयुर्वेद के दैनिक जीवन में स्वास्थ्य उपयोग के विषय में जानकारी देते हुए विद्यालय में हर्बल गार्डन में औषधीय पौधों को लगाने के लिए जागरूक किया गया ।दिनचर्या ऋतुचर्या का पालन करने के लिए बच्चों को जानकारी दी गई ।वहीं डा. डालचन्द प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला द्वारा प्रकृति परीक्षण के विषय में विस्तृत व्याख्यान देकर प्रकृति के अनुसार आहार एवं औषधि के विषय में जानकारी प्रदान की गई ।इस कार्यशाला में योगाचार्य शशिकान्त दीक्षित के द्वारा छात्रों के स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद एवं योग को अपनाने पर जोर दिया गया ।इस कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र त्रिपाठी बालिका विभाग की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ चिकित्सालय के कर्मचारी शिवकुमार मिश्र तथा लगभग 250 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# गिनी में जेल पर हमला कर हथियारबंद हमलावरों ने की फायरिंग, नौ की मौत

## पूर्व राष्ट्रपति मौसा दादिस कैमारा को जेल से छुड़ाया, फिर से हुए गिफ्तार



**गिनी**
अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी क्रोनाकी स्थित जेल में हथियारबंद हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना को अंजाम दिया, इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई। इस हमले के बाद जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति मौसा दादिस कैमारा व अन्य अधिकारी जेल से फरार हो गए। कानून मंत्रालय ने आधिकारिक रिपोर्ट में कहा है कि तीन हमलावरों, चार सैनिकों और दो अन्य लोगों के शव बरामद किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि फायरिंग में छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक, जेल अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों के घुसपैठ के बाद सैनिकों ने घरों और कारों की तलाशी ली, तलाशी में पूर्व सैन्य नेता मौसा दादिस कैमारा और भागे हुए दो अधिकारियों को ढूंढ लिया और उन्हें राजधानी कोनाक्री सेंट्रल हाउस जेल में वापस डाल दिया दिया। उन्होंने बताया कि जेल से भागे हुए अन्य अधिकारियों को खोजा जा रहा है। जेल में हथियारबंद बदमाशों की इन झड़पों ने गिनी की नाजुक सुरक्षा स्थिति को उजागर कर दिया है। गिनी पर साल 2021 से ही सैन्य जुंटा का शासन है, दो साल पहले जुंटा ने गिनी पर कब्जा कर लिया था। बता दें कि पिछले तीन सालों में पश्चिम और सेंट्रल अफ्रीका में आठ देशों पर कब्जे हुए हैं। बता दें कि कैमारा ने साल 2008 गिनी में सैन्य तख्तापलट का नेतृत्व किया था और दिसंबर 2009 तक लगभग एक साल तक गिनी पर शासन किया। उन पर पिछले साल से केस चल रहा है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह में आतंकी हमला, कर्नल और 3 सैनिकों की मौत



**पेशावर**
**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर पख्तूनख्वाह के तिराह इलाके में आतंकियों के साथ गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के कर्नल रैंक के अधिकारी और तीन सैनिक मारे गए। सेना ने सोमवार को कहा कि एक खुफिया बेस ऑपरेशन के दौरान कर्नल मुहम्मद हसन हैदर और तीन सैनिक मारे गए। आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ में भारी गोलीबारी हुई। ऑपरेशन के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल हैदर के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना के जवानों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर कब्जा कर लिया। इस दौरान तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सेना ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं। पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने सेना अधिकारी और तीन सैनिकों की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। वहीं, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बेट्टानी लक्की मारवात जिले में आईईडी विस्फोट से एक बच्चे समेत दो की मौत हो गई और एक महिला समेत तीन घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल एक ही परिवार के सदस्य हैं। टांक अदा के समीप बाजार में जोरदार फायरिंग के बाद यह विस्फोट हुआ। प्राथमिक जांच में विस्फोट की प्रकृति का पता नहीं चल पाया है।

## नेपाल: पिछले 72 घंटों में 450 से अधिक आफ्टर शॉक, 10 तेज झटके

**काठमांडू**
नेपाल में शुक्रवार को आए भूकंप के बाद आफ्टर शॉक का आना लगातार जारी है। पिछले 72 घंटे में ही 450 बार से अधिक आफ्टर शॉक आ चुके हैं। इनमें 4 रेक्टर स्केल का झटका 10 बार आ चुका है। सोमवार शाम आया झटका भी ऐसा ही था। बार-बार लग रहे झटकों से लोगों में काफी दहशत है। राष्ट्रीय भूकम्प मापन केन्द्र की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात 11 बजकर 47 मिनट पर जाजरकोट के रामीडांडाको केन्द्र बिन्दू बनाकर आए 6.4 रेक्टर के भूकम्प के बाद सोमवार मध्य रात तक 456 बार पराकम्प आ चुका है। इनमें 4 रेक्टर स्केल से बड़े 10 झटके हैं। सोमवार शाम 5.8 और 4.5 रेक्टर स्केल पर आया झटका भी उसी का हिस्सा है। उधर, सोमवार शाम आए भूकम्प में 13 लोगों के घायल होने और करीब एक दर्जन घर के टूटने की खबर है। जाजरकोट के प्रमुख जिलाधिकारी सुरेश सुनार ने बताया कि लगातार आ रहे पराकम्प की वजह से जिन घरों में सिर्फ दरार आयी है उनके टूटने का खतरा बना हुआ है। इन इलाकों में लोगों को अभी भी अपने घरों में रहने से डर लग रहा है।

## नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा बैठक: नेपाल के रास्ते तीसरे देश के व्यक्ति के भारत में प्रवेश का मुद्दा, सीमा हैदर का उदाहरण दिया

**काठमांडू**
नेपाल-भारत के सुरक्षा अधिकारियों के बीच नई दिल्ली में सोमवार को शुरू हुई दो दिवसीय सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक मंगलवार शाम खत्म होगी। इस बैठक में भारत की तरफ से सीमा हैदर का उदाहरण देते हुए नेपाल के रास्ते किसी तीसरे देश के व्यक्ति के भारत में प्रवेश का मुद्दा उठाया गया। भारतीय सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के तत्वावधान में हो रही इस बैठक में नेपाल का प्रतिनिधित्व सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) के महानिरीक्षक राजू अर्याल कर रहे हैं। जबकि भारत की तरफ से एसएसबी महानिदेशक रश्मि शुक्ला नेतृत्व कर रही हैं। दो दिनों की इस सुरक्षा समन्वय बैठक में सीमा सुरक्षा के दौरान आने वाली चुनौतियां और उसके समाधान के लिए अनुभवों के आदान-प्रदान की जानकारी एपीएफ के आईजीपी राजू अर्याल ने दी। उन्होंने कहा है कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आयामों पर चर्चा करना है। आईजीपी अर्याल का कहना है कि खुली सीमा होने के कारण आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर अपराधियों के सीमा पार करना सबसे बडी चुनौती है। इसके साथ ही ड्रग्स कारोबार से लेकर अवैध सामान लाने को लेकर दोनों सुरक्षा निकाय के बीच कैसे समन्वय किया जाए, इस पर चर्चा हो रही है।

एसएसबी की तरफ से नेपाल के रास्ते तीसरे देश के व्यक्ति के भारत में प्रवेश के मुद्दे को उठाया गया। पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के नेपाल के रास्ते भारत में आसानी से प्रवेश का उदाहरण देते हुए एसएसबी ने इस ओर विशेष निगरानी रखने पर बल दिया है। बैठक में सहभागी एसएसबी के अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा के दौरान रोज नई प्रकार की चुनौतियों का सामना और उससे निबटने के लिए नियमित समन्वय करने पर जोर दिया है। नेपाल के तरफ से भी एपीएफ के आईजीपी राजू अर्याल ने कहा कि रियल टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग को लेकर लगभग सहमति बन चुकी है। मंगलवार शाम तक चलने वाली बैठक के बाद दोनों तरफ से संयुक्त बयान जारी कर बैठक में हुए फैसलों की आधिकारिक जानकारी दी जाएगी।

## अमेरिका के सिनसिनाटी में बंदूकधारी ने बच्चों पर चलाई अंधाधुंध गोली, एक की मौत

**सिनसिनाटी**
अमेरिका में गन कल्चर (बंदूक संस्कृति) के चलते होने वाली घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटनाक्रम में सिनसिनाटी में एक बंदूकधारी ने बच्चों की भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर दिया, इस हमले में एक 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात की है। पुलिस प्रमुख टेरी थीटगे ने कहा कि शुक्रवार रात 9:30 बजे से पहले एक कार में सवार व्यक्ति ने बच्चों की भीड़ पर लगातार 22 राउंड गोलियां चलाईं। हमले में चार बच्चे घायल हो गए। इनमें 12, 13 और 15 वर्ष आयु के तीन लड़के और एक 15 साल की लड़की शामिल है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# बाइडन की सलाह को नेतन्याहू ने किया अनसुना, गाजा पर 'कब्जा' करने की तैयारी में इस्राइल!



**वॉशिंगटन**
**इस्राइल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बड़ा बयान दिया है। दरअसल नेतन्याहू ने कहा है कि हमास से लड़ाई खत्म होने के बाद गाजा पट्टी की पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी अनंतकाल तक इस्राइल संभालेगा। नेतन्याहू के इस बयान से साफ है कि साल 2005 से पहले की तरह एक बार फिर से इस्राइल गाजा पट्टी में अपने सैनिकों को तैनात करेगा। नेतन्याहू का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान के खिलाफ है, जिसमें बाइडन ने कहा था कि 'गाजा पट्टी पर इस्राइल का कब्जा एक बड़ी भूल होगा।'

**गाजा पर 'कब्जा' करेगा इस्राइल**
अमेरिका के एक न्यूज चैनल से बात करते हुए इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मुझे लगता है कि इस्राइल अनंतकाल तक गाजा पट्टी में सुरक्षा जिम्मेदारी अपने पास रखेगा क्योंकि हमने देखा है कि जब हमारे पास सुरक्षा नहीं होती तो क्या होता है। नेतन्याहू ने कहा कि 'जब हम गाजा की सुरक्षा नहीं कर रहे होते तो हमास जैसे आतंकी हमले होते हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते।' बता दें कि खबरें आ रही हैं कि इस्राइल की सेना ने गाजा पट्टी को उत्तर और दक्षिण भाग में बांट दिया है और दक्षिणी गाजा को इस्राइली सेना ने चारों तरफ से घेर लिया है।

**युद्धविराम से किया इनकार**
युद्धविराम के सवाल पर बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जहां तक युद्धविराम का सवाल है तो राष्ट्रपति खुद कह चुके हैं कि युद्धविराम, हमास के सामने आत्मसमर्पण करने जैसा होगा। हालांकि उन्होंने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए कुछ घंटों के लिए लड़ाई रोकने की संभावना से इनकार नहीं किया। नेतन्याहू ने कहा कि जब तक हमास हमारे बंधकों को नहीं छोड़ता तब तक युद्धविराम नहीं होगा लेकिन मानवीय मदद और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए विभिन्न जगहों पर अलग-अलग समय में कुछ घंटे की राहत दी जा सकती है। इस्राइली पीएम ने कहा कि युद्धविराम करने से बंधकों को वापस लाने की कोशिशों को झटका लगेगा क्योंकि हमास के आतंकियों के खिलाफ ताकत से ही दबाव बनाया जा सकता है। बता दें कि बीती 7 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइली सीमा में घुसकर 1400 लोगों की हत्या कर दी थी और 200 से ज्यादा लोगों को अगवा कर लिया था। इसके जवाब में इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी पर बमबारी की, जिसमें अब तक नौ हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इस तरह इस्राइल हमास की लड़ाई में अब तक कुल 11 हजार के करीब लोग मारे जा चुके हैं।

## हमास के ठिकानों से खुफिया सामग्री जब्त, चौकियों पर कब्जा', इस्राइली सेना ने किया दावा



**तेल**
**इस्राइल** और हमास का युद्ध जारी है। इस्राइल के सैनिक लगातार हमास के ठिकानों को तबाह कर रहे हैं। सात अक्तूबर को गाजा स्थित आतंकी समूह हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे। जिसके बाद से ही दोनों के बीच भीषण युद्ध जारी है। इस्राइल रक्षा बलों ने कहा, हमारे सैनिकों ने गाजा शहर के हमास सैन्य चौकी पर काबू कर लिया है। इस दौरान टैंक रोधी लॉन्चर और कई मिसाइल, हथियार और खुफिया सामग्रियों को जब्त किया गया। इस्राइली युद्धक विमानों ने लगभग 10 सदस्यों के एक दस्ते की पहचान की। वहीं इस्राइली वायुसेना ने कहा, वायु सेना के एक लड़ाकू जेट ने नाहल ब्रिगेड के लड़ाकों के सहयोग से लगभग 10 आतंकवादियों के एक दस्ते पर हमला किया। लड़ाकू विमानों ने एक एंटी-टैंक दस्ते की पहचान की जो पास में ही काम कर रहा था। साथ ही कहा गया कि रात के दौरान इस्राइली सेना ने इस्राइल में मोर्टार लॉन्च के लिए दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि इस्राइल के नौसैनिक बलों ने रात भर हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाया।

हमास और इस्राइल के बीच चल रहे भीषण युद्ध के बारे में जानकारी देते हुए इस्राइली सेना ने कहा, सैनिकों ने हमास के आतंकवादियों की भी पहचान की, जिन्होंने गाजा शहर के शेजैया इलाके में अल-कुद्स अस्पताल के पास एक इमारत में खुद को छिपा रखा था। वे सभी इस्राइली जमीनी बलों पर हमले की योजना बना रहे थे। सोशल मीडिया पर आईडीएफ ने पोस्ट करते हुए लिखा, 7 अक्तूबर को हुए नरसंहार को ठीक एक माह पूरा हो गया है। भले ही हमास ने यह युद्ध शुरू किया होगा लेकिन इसका अंत हम ही करेंगे। इस्राइली रक्षा बलों ने यह भी कहा, उसने हमास के दीर अल-बलाह बटालियन कमांडर वाएल असेफा को मार डाला है। आईडीएफ ने हमास की दीर अल-बलाह बटालियन के कमांडर वाएल असेफा को खत्म कर दिया।

# युद्ध के बीच लोगों के लिए फिर खोला गया राफा क्रॉसिंग, गाजा में अब तक 10 हजार लोगों की गई जान

**गाजा**
इजरायल-हमास युद्ध के बीच सीमित संख्या में लोगों को मिस्त्र में प्रवेश करने देने के लिए राफा क्रॉसिंग को फिर से खोल दिया गया है।
समाचार एजेंसी एएनआई ने सीएनएन की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सोमवार को राफा सीमा को फिर से खोल दिया गया है। इस दौरान पूर्व-अनुमोदित सूची में शामिल मिस्त्रवासियों और विदेशियों को मिस्त्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

**मिस्त्र के लिए गाजा का एकमात्र प्रवेश द्वार है राफा सीमा**
राफा सीमा मिस्त्र के लिए गाजा का एकमात्र प्रवेश द्वार है। इस पर इजरायल का कोई नियंत्रण नहीं है। इसे विदेशी नागरिकों और उनके आश्रितों के साथ-साथ घायल गाजावासियों के लिए बुधवार को खोल दिया गया था। बाद में इसे दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया।

**क्या बोले मिस्त्र के अधिकारी**
मिस्त्र के अधिकारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह गाजा में एक एंबुलेंस पर इजरायली हमले के बाद शनिवार को मानवीय गतिविधियां बंद हो गईं। इस सीमा से प्रवेश करने वाले राहत सामग्री लेकर जाने वाले ट्रकों की आवाजाही भी कम हो गई है। सूत्रों ने कहा कि मिस्त्र निकासी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एंबुलेंस की सुरक्षा की गारंटी मांग रहा था।

**गाजा के अस्पतालों पर हमले, आठ मरे**
रविवार-सोमवार की रात गाजा के दो अस्पतालों पर इजरायली हमलों में आठ लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पहला हमला आंखों के अस्पताल पर हुआ। इस अस्पताल में चार लोग मारे गए, जबकि दूसरा हमला बच्चों के रैनतिसी अस्पताल पर हुआ,



वहां भी चार लोग मारे गए हैं। दोनों अस्पताल नजदीक ही स्थित थे। इसके अतिरिक्त हवाई हमले में गाजा सिटी का इकलौता मनोरोगियों का अस्पताल भी नष्ट हो गया है।

**अस्पताल में लगे सोलर पैनल किए नष्ट**
एक अन्य कार्रवाई में इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल में लगे सोलर पैनल नष्ट कर दिए हैं। इन सोलर पैनलों से पैदा बिजली से अस्पताल की आवश्यक सेवाएं चल रही थीं। अस्पताल की बिजली आपूर्ति करीब तीन हफ्ते से बंद है जबकि जेनरेटर चलाने के लिए वहां पर डीजल नहीं है। अब सोलर पैनल नष्ट होने से अस्पताल के अंधेरे में डूबने की स्थिति पैदा हो गई है और सैकड़ों गंभीर मरीजों का जीवन खतरे में पड़ गया है।

**10 हजार से अधिक लोग मारे गए**
स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि हमास के हमले के बाद इजरायल की जवाबी कार्रवाई में गाजा में 10,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। इसमें 4,104 बच्चे, 2,641 महिलाएं और 611 बुजुर्ग शामिल थे।

**यहूदी व्यक्ति की फलस्तीन समर्थकों के साथ झड़प के बाद मौत**
इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच कैलिफोर्निया के वेस्टलेक में एक 69 वर्षीय यहूदी व्यक्ति की फलस्तीन समर्थकों के साथ झड़प के बाद मौत हो गई। मृतक की पहचान पॉल केसलर के तौर पर की गई है।